

पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 139 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# '2000 के नोट बदलने के लिए भीड़ न लगाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया मंगलवार से देश के सभी बैंकों में शुरू हो जाएगी। ऐलान के तीन दिन बाद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लोग नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ ना लगाएं। हमने 4 महीने का समय दिया है। आप आराम से नोट बदलिए, लेकिन समय सीमा को गंभीरता से लीजिए। गवर्नर ने कहा, '30 सिंतबर की डेडलाइन के बाद भी 2000 के नोट लीगल टेंडर रहेंगे यानी वैध रहेंगे।' आरबीआई ने 19 मई को 2000 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया। आरबीआई ने 30 सितंबर तक ऐसे नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है।

### आरबीआई की सलाह...

= लोग नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ ना लगाएं। हमने 4 महीने का समय दिया है। आप आराम से नोट बदलिए, लेकिन समय सीमा को गंभीरता से लीजिए: गवर्नर शक्तिकांत दास

**बैंक रोजाना नोटों का हिसाब रखेंगे, लोगों का ख्याल रखेंगे:** आरबीआई ने सोमवार को एक ओर गाइडलाइन जारी की। इसमें बैंकों से कहा गया है कि गर्मी को देखते हुए वो लोगों के लिए छायादार जगहों और पानी का इंतजाम करें। कितने नोट बदले गए और कितने जमा किए गए इसका रोजाना हिसाब रखें।

**जो भी परेशानी आएगी, उसे दूर करेंगे:**



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'जो भी परेशानी आएगी, उसे हम दूर करेंगे। हम भी बैंकों के जरिए इस प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। चिंता वाली कोई बात नहीं है। करेंसी मैनेजमेंट ऑपरेशन के तहत ही हमने 2000 के नोट सकुर्लेशन हटाने का काम शुरू किया है। पहले भी दुकान में लोग 2000 के नोट नहीं लेते थे। हमारे ऐलान के बाद यह शायद और बढ़ गया है। हमने कहा था कि ये लीगल टेंडर बना रहेगा। आप 2000 के नोटों से खरीदारी कर सकते हैं। 30 सितंबर तक ज्यादातर नोट हमारे पास आ जाएंगे और फिर हम फैसला करेंगे।'

**नोट बदलने के लिए आईडी की जरूरत नहीं:** स्टेट बैंक ने रविवार को 2000 का नोट बदलने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। भारत के सबसे बड़े बैंक ने कहा था कि नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं है। कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। एक बार में 10 नोट बदले जा सकेंगे।

**क्या हैं बैंक की गाइडलाइंस? :** बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, आप एक दिन में 20,000 रुपये यानी 2000 के 10 नोट बदलवा सकते हैं। लोगों को नोट बदलने के लिए किसी भी तरह का कोई फॉर्म नहीं भरना होगा। बैंक, नोट एक्सचेंज के लिए कोई चार्ज नहीं लेगा, साथ ही लोगों को कोई आईडी प्रूफ दिखाने की जरूरत नहीं है। भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी नोट एक्सचेंज को लेकर सर्कुलर जारी किया है।

**बैंकिंग नियमों का करना होगा पालन?**
आप हर रोज 20 हजार तक मूल्य के नोटों को एक्सचेंज करवा सकते हैं। अकाउंट में पैसे डिपॉजिट करने की कोई लिमिट नहीं लगाई गई है। आपको बैंक में पैसे डिपॉजिट करते वक्त आरबीआई के बनाए नियमों को फॉलो करना होगा।

## आईलैंड देशों के लिए भारत ने खोला सौगातों का पिटारा

**टीम एक्शन इंडिया/पोर्ट मोर्सबी**
**हिंद-प्रशांत** क्षेत्र के द्वीपीय देशों के लिए भारत ने सौगातों का पिटारा खोल दिया है। पापुआ न्यू गिनी में फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 सूत्री कार्ययोजना का एलान किया। फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन के शिखर सम्मेलन में 12 सूत्री कार्ययोजना का एलान करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कार्ययोजना हिंद प्रशांत के लोगों की उम्मीदों और विकास कार्यों को पूरा करेगी। साथ ही इससे हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र स्थिर, मुक्त और समृद्ध बनेगा। इसके तहत भारत सरकार फिजी में एक 100 बेड के अस्पताल का निर्माण कराएगी। पापुआ न्यू गिनी में एक आईटी और साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग हब बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि



### शिखर सम्मेलन

= फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान- 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' प्रदान किया

अगले पांच साल में सागर अमृत स्कॉलरशिप के तहत 1000 स्कॉलरशिप दी जाएगी। पापुआ न्यू गिनी में आयोजित जयपुर फुट कैंप की तर्ज पर अब हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के अन्य देशों में भी हर साल ऐसे दो कैंप आयोजित किए जाएंगे। हिंद प्रशांत देशों में छोटे और मझोले उद्योगों को स्थापित करने में मदद के लिए एसएमई विकास परियोजना

## सरकार चुनावी फायदे के लिए बनाती है दलित-आदिवासी राष्ट्रपति: खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ना बुलाए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा- ऐसा लगता है कि मोदी सरकार सिर्फ चुनावी फायदा उठाने के लिए दलित और आदिवासी सुमदाय से राष्ट्रपति बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं

### पीएम पर निशाना

= 28 मई को होने वाले नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया है

बुलाया गया है। वे देश की पहली नागरिक हैं। अगर वे नए संसद भवन का उद्घाटन करतीं तो ये लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार के कमिटमेंट को दिखाता।

## सिद्धू की सुरक्षा कटौती पर सुनवाई, फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिद्धू की सिक्योरिटी घटाने के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला रिजर्व रख लिया है। बीते दिनों हुई सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने एक सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी थी। जिसके बाद कोर्ट में सोमवार को दोनों पक्षों के बीच इस रिपोर्ट को लेकर बहस हुई। 11 मई को सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार स्टेटस रिपोर्ट सौंप नहीं दे पाई थी। उन्होंने इसके पीछे का कारण केंद्रीय एजेंसियों से जवाब न आना बताया था। जिसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 18 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद पंजाब सरकार ने अपनी रिपोर्ट को सीलबंद करके हाईकोर्ट को सौंप दिया था। बता दें कुछ दिन पहले ही सिद्धू ने पटियाला में मामला दर्ज करवाया था कि उनके नौकर ने किसी अज्ञात व्यक्ति को छत्त पर देखा है। सिद्धू ने कहा था कि उन्हें जान का खतरा है।



### निशाना बनाया

= बीते दिनों हुई सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने एक सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी थी

**जेल से छूटने के बाद कम की गई सुरक्षा:** नवजोत सिद्धू हाल ही में रोडरेज केस में पटियाला जेल में 1 साल कैद काटकर लौटे हैं। उसके बाद ही आप सरकार ने उनकी सिक्योरिटी जेड प्लस से घटाकर प्लस कर दी थी। हाईकोर्ट में याचिका दायर की। पिछले महीने 28 अप्रैल को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था।




# तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 361 करोड़ रुपए का प्रावधान

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को महत्व दे रही है और इसी दिशा में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 361 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, दुर्गम क्षेत्रों में लोगों को घर द्वार पर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षक के 5970 पदों को जल्द भरा जाएगा।

रोहित ठाकुर आज जुब्बल उपमंडल के खड़ा पत्थर में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में रोजगार परक शिक्षा के प्रति रुझान रखें और स्वरोजगार की राह अपनाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवीनतम ट्रेड शुरू किए जाएंगे जिससे स्थानीय युवा लाभान्वित होंगे। वर्तमान राज्य सरकार हर वर्ग एवं हर क्षेत्र के कल्याण के प्रति कटिबद्ध है और इसी दिशा में कार्य करते हुए जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बागवान एवं किसान हितेषी नीतियां एवं कार्यक्रम अपना रही है जिससे सेब की आर्थिकी को संबल मिलेगा और प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होगा।

रोहित ठाकुर ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की सराहना की जिससे निर्धन एवं अनाथ बच्चों को लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि खड़ा पत्थर में सामुदायिक भवन एवं पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा जिससे लोगों को समारोह आयोजित करने एवं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले महिला मंडल छाजपुर को 15000 रुपए की राशि प्रदान की। इससे पूर्व जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुन्नी लाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर जुब्बल-नावर-कोटखाई मंडल के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, सरस्वती नगर जिला परिषद वार्ड के सदस्य कुशल मुंगटा, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रेस क्लब सोलन व हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के बीच फ्रेंडली मैच खेला गया स हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इस मैच का विजेता रहा। मैच के बाद दोनों टीमें सामुहिक चित्र में।

## न्यूज फ्लैश

### एआई तकनीक के उपयोग से जीएसटी संग्रह में आएंगे क्रांतिकारी बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

राज्य कर एवं आबकारी विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने और क्षमता को सशक्त करने के लिए ऑडिट प्रवर्तन की आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एआई का उपयोग करने के लिए एक वृहद एवं महत्वाकांक्षी योजना कार्यान्वित करने जा रहा है। इसके दृष्टिगत राज्य मंत्रिमण्डल से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। इस महत्वाकांक्षी पहल को कार्यान्वित करने का मुख्य ध्येय वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े राजस्व नुकसान को कम करना है।

विभाग अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों के नियोजन और विशेषज्ञों की तैनाती से कर चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है ताकि प्रदेश के राजस्व को मजबूत किया जा सके। इस परियोजना के कार्यान्वयन से जीएसटी बकाएदारों का वास्तविक डेटा उपलब्ध होगा और निरीक्षण तथा त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासन में दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के कामकाज में आधुनिक तकनीकों को शामिल करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर सदैव बल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा लेखा परीक्षा प्रवर्तन की आधुनिक तकनीक को अपनाने से सटीक डेटा तैयार करने, कर धोखाधड़ी का पता लगाने और उसकी रोकथाम में मदद मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस परियोजना के कार्यान्वित होने से प्रदेश के वार्षिक राजस्व में 250 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी होगी। सीमित श्रम शक्ति के दृष्टिगत, कर हानि की पहचान करने के लिए करदाताओं के आंकड़ों का तुरंत विश्लेषण करने की एक महत्वपूर्ण चुनौती विभाग के समक्ष आयी है। एआई प्रौद्योगिकी उपयोग से इस चुनौती से निपटने की योजना तैयार की गई है। इससे कर चोरी के मामलों की त्वरित पहचान करने तथा राज्य के जीएसटी राजस्व को बढ़ाने के लिए सटीक जानकारी भी उपलब्ध होगी।इसके अलावा, इस परियोजना के माध्यम से समय-समय पर राजस्व संग्रह पैटर्न का विश्लेषण करने तथा प्रोत्साहन नीतियों पर निर्णय लेने में राज्य सरकार को मदद प्राप्त होगी। साथ ही, स्वैच्छिक कर अनुपालन बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना विभागीय अधिकारियों की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ राजस्व में वृद्धि के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन से विभाग को मौजूदा चुनौतियों से और अधिक कुशलता से निपटने में मदद मिलेगी।

एआई को अपनाने और उन्नत डेटा विश्लेषण तकनीकों को शामिल करके, राज्य कर एवं आबकारी विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने, कर चोरी से निपटने और निर्णय लेने की प्रक्रिया को कारगर बनाने में और अधिक सक्षम होगा। आधुनिक तकनीकों को नियोजित कर राज्य सरकार के इस तरह के प्रयास सरकारी कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आदर्श मोनाल इको क्लब ने संवारी नौणी के बाग की बाउड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

स्थानीय एवीएन सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मोनाल इको क्लब से जुडे विद्यार्थियों और अध्यापकों ने आज नाहन के समीप नौणी के बाग में जाकर प्राकृतिक जल बाउड़ी की साफ -सफ ई करके लोगों को स्वच्छता और जल ही जीवन है का संदेश दिया, विद्यालय के प्रधानाचार्य केके चन्दोला ने बताया कि मोनाल इको क्लब के विद्यार्थियों ने अपने क्लब के प्रभारी अध्यापकों के नेतृत्व में सुबह सात बजे से लेकर 11 बजे तक यहां स्वच्छता अभियान चलाया जिसमे विद्यार्थियों ने अति प्राचीन जल श्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया, विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों श्रीकांत एमो क्युम,अर्जुन सिंह, मंजीत परमार और सीमा देवी के कुशल निर्देशन में यह पावन कार्य सम्पनं किया। विद्यार्थियों के अलग-अलग समूहों का नेतृत्व अनिका कंगना, अनुज कांत, दर्श शर्मा, तोशिका शर्मा, अनन्या, मन्नत, ऊर्वशी, सहित आदि ने किया।

## 40 लाख से निर्मित हुआ माता जालपा का मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

छोटी काशी मंडी के दानी सज्जनों व संस्थाओं के सहयोग से पुरानी मंडी के प्राचीन जालपा मंदिर का निर्माण लगभग चालीस लाख रुपए की राशि से करवाया गया। माता जालपा मंदिर की प्रतिष्ठा के दौरान माता शीतला भी मंदिर परिसर में उपस्थित रही। पुरानी मंडी में स्थित माता जालपा का प्राचीन मंदिर जर्जर हो गया था जिसे रियाशत काल में मंडी के राजा द्वारा निर्मित किया गया था। जालपा माता कमेटी के सदस्य एवम नगर निगम के उप महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि पुरानी मंडी में स्थित प्राचीन माता जालपा का मंदिर जर्जर हो गया था जिसे



शीतला माता कमेटी और दानी सज्जनों के सहयोग से नव निर्मित किया गया और इस मंदिर के निर्माण में लगभग चालीस लाख रुपए खर्च किए गए है जिसमें मंडी के लोगों का बहुत योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर में सर्व प्रथम माता जालपा की मूर्ति को प्रतिष्ठित किया गया और भजन मंडली द्वारा माता की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## हिमाचल में भांग की खेती की अपार संभावनाएं : राजस्व मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

राजस्व, उद्यान एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में गत दिवस को औषधीय, वैज्ञानिक एंव औद्योगिक उददेश्य के लिए भांग के पौधे की खेती को वैध करने के लिए सिफारिश हेतु गठित कमेटी अपने उत्तराखंड के स्टडी टूर के दौरान नाहन पहुंची। समिति के सदस्यों में मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर, विधायक हंसराज, विधायक जनक राज, विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, विधायक सुरेन्द्र शौरी, विधायक केवल सिंह पठानिया, सदस्य सचिव अतिरिक्त आयुक्त आबकारी एवं कराधान डॉ. राजीव डोगरा एवं विशेष



आमंत्रित सदस्य एडवोकेट देवेन कृष्ण खन्ना शामिल रहे। राजस्व मंत्री एवं समिति के अध्यक्ष जगत सिंह नेगी ने सर्किट हाउस नाहन में एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान बताया कि समिति उत्तराखंड के मुख्य स्थलों का भ्रमण कर यह पता लगाएगी कि भांग की खेती को किस प्रकार से औषधीय, वैज्ञानिक और औद्योगिक उदेदश्य के लिए प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रवास के दौरान भांग की खेती से प्राप्त होने वाले राजस्व तथा लोगों को मिलने वाले रोजगार की जानकारी भी समिति प्राप्त करेगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में भांग की खेती की अपार संभावनाएं हैं और औषधीय, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक उद्देश्यों के लिए भांग के पौधे की खेती को वैध करने के लिए समिति व्यापक स्तर पर स्टडी करने के साथ लोगों से फीड बैक भी प्राप्त कर रही है।

विधायक रेणुका जी विनय कुमार, विधायक नाहन अजय सोलंकी, उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रूपेन्द्र सिंह ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## मंडी के प्राचीन सिद्ध गणपति मंदिर में चोरी

### देर रात चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी शहर में रात 2 बजे के करीब गणपति मंदिर में चोरों ने मंदिर के गले के ताले तोडकर जो चढ़ावा लोगों द्वारा मंदिर के नाम दिया जाता है उसे दो शातिर बदमाशों ने चुरा लिया। चोरी की सारी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं।

सिद्ध गणपति मंदिर के ट्रस्टी मुरारी लाल शर्मा ने बताया कि यह घटना रात की हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है



कि इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों पर तुरंत शिंकजा कसा जाए और. शहर में रात्रि गस्त बढाई जाए।

उन्होंने मंडी पुलिस से मांग की हैं कि चोरों की पहचान कर उन्हे कड़ी सजा दिलाई जाए व मन्दिर का पैसा उनसे वापिस दिलाया जाए।

इस मामले को लेकर एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि इस संदर्भ में मंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और पुलिस द्वारा मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

## सेना भर्ती की सामान्य प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल शलव सनवाल ने बताया है कि 17 अप्रैल से 26 अप्रैल, 2023 तक अंबाला जोन शिमला, सोलन, किन्नौर और सिरमौरद्ध की आयोजित आनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह परिणाम ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। संबंधित अभ्यार्थी उक्त वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

## गोवा के 45 स्टूडेंट्स ने जानी हिमाचली की संस्कृति, आईआईटी मंडी ने की मेजबानी




**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित युवा संगम कार्यक्रम के तहत गोवा के 45 स्टूडेंट्स हिमाचल प्रदेश की संस्कृति जानने के लिए यहां आएं है। हिमाचल प्रदेश की तरफ से आइआइटी मंडी युवा संगम कार्यक्रम के तहत इन स्टूडेंट्स की मेजबानी कर रहा है। इसी कड़ी में आईआईटी गोवा के 45 छात्र छात्राएं सोमवार को मंडी पहुंचे और मंडी के प्राचीन मंदिर त्रिलोकीनाथ, पंचवक्त्र, विक्टोरिया बृज और अर्धनारेश्वर मंदिर का भ्रमण कर यहां की संस्कृति व प्राचीन धरोहर के बारे में विस्तृत से जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत युवा संगम कार्यक्रम को शुरू किया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पांच प्रमुख क्षेत्रों में बहुआयामी एक्सपोजर प्रदान करना है। जिनमें पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रोद्यौगिकी शामिल है।

आइआइटी गोवा के खेल अधिकारी संतोष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि गोवा के 45 स्टूडेंट्स को पहले दिन आइआइटी का दौरा करवाकर यहां होने वाले अनुसंधानों के बारे में जानकारी दी गई और इसके उपरांत उनकी मुलाकात आइआइटी के निदेशक से करवाई गई।उन्होंने बताया कि दूसरे दिन इन्हें तीन धर्मों की संगम स्थली के नाम से विख्यात रिवालसर शहर का भ्रमण करवाया गया और तीसरे दिन कुल्लू जिला के भुंतर में स्थित भुट्टिको कारखाने का दौरा करवाकर पारंपरिक बुनाई के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि युवाओं को पंडोह डैम का भ्रमण करवाकर इतिहास और तकनीक के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि युवाओं को जिला के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा भी करवाया गया।

## शहरवासियों के घरों के बदल जाएंगे अब मकान नंबर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

नगर निगम के दायरे में रहने वाले लोगों को अब नये सिरे से मकान नंबर मिलेंगे। नगर परिषद के समय के मकान नंबर अब बदल दिए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी पूरी कर दी है। नगर निगम मंडी के आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में दो-दो टीमें सर्वे कर लोगों को मकान नंबर प्लेट भी प्रदान करेगी। संभवतया इसी माह नगर निगम के वार्डों में भवन मालिकों को नए मकान नंबर प्रदान कर दिए



जाएंगे।नये सिरे से मकान नंबर अलाट होने से नगर निगम में निजी व सरकारी भवनों कार्यालयों तथा प्रतिष्ठानों का आंकड़ा भी 8364 से बढ़ कर सत्रह हजार के पार पहुंचने का अनुमान है।शहरी क्षेत्र में मकान नंबर का बहुत महत्व रहता है। व्यक्ति के नाम पते में मकान नंबर का उल्लेख जरूरी रहता है इसके बिना पता अधूरा माना जाता है।

मंडी शहर में नगर परिषद के दौरान लोगों को मकान नंबर अलाट किए थे लेकिन नगर निगम के अस्तित्व में आने के दौरान शहर में सन्यारढ़ जैसे नये वार्डों का उदय हुआ है। एक दूसरे वार्डों के क्षेत्र की कांट छांट की गई है। दौहंदी व बैहना तथा नेला वार्ड भी अस्तित्व में आए हैं। पिछली बार साल 2016 में तत्कालीन नगर परिषद में भवनों का सर्वे किया गया था। उस सर्वे के अनुसार शहर में 8364 कुल निजी व सरकारी भवन है जिनको मकान नंबर अलाट किया गया है।

लेकिन अब नगर निगम के अस्तित्व में आने से मकान नंबर दोबारा नए सिरे से अलाट किए जाएंगे। नये वार्डों में रहने वाले लोगों को पहली बार नगर निगम नए मकान नंबर अलाट करने जा रही है।

## रेणुका जी-पांवटा मार्ग पर पलटी पिकअप 13 घायल, पांच की हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के रेणुका जी पांवटा साहिब मार्ग पर रविवार दोपहर बाद श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप पलट गई जिससे 13 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को गंभीर अवस्था में सिविल हॉस्पिटल पांवटा साहिब में लाया गया जहां से पांच की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक देहरादून के रहने वाले यह श्रद्धालु हरिद्वार से मां की मूर्ति लेकर स्नान के लिए रेणुका गए थे, जहां से स्नान के बाद मां की



ज्योति लेकर वापस देहरादून लौट रहे थे। इसी दौरान सतौन के समीप मानल पास अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 13 लोग घायल हो गए हैं। बताते हैं कि पिकअप में 15 श्रद्धालु सवार थे जो रेणुका जी से वापस देहरादून जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक देहरादून के रहने वाले श्रद्धालु हरिद्वार से मां की मूर्ति लाए थे स्थापना से पूर्व मां रेणुका कि ज्योति लेकर वापस देहरादून जाना था लेकिन अचानक यह दर्दनाक हादसा हो गया।

इस हादसे में ड्राइवर जयपाल, अमन, राजपाल, विक्रम, दर्शन, जसवीर, पप्पू धीमान, सोबन दास, अंजली, गडवीर, नवीन, रीजुल और जसवीर आदि घायल हुए है।

यह सभी लोग घायल सभी लोग विकास नगर, बिन्दोली, नवाबगढ, देहरादून के बताए जा रहे हैं। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है। घायलों को लाया गया जहां पर इनका उपचार चल रहा है। सिविल अस्पताल में तैनात डॉक्टर तुषार ने बताया कि रेणुका जी मार्ग पर एक पिकअप पलटने से 13 लोग घायल हुए हैं। जिन्हे अस्पताल लाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की हालत गंभीर है जिसके चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। उधर मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मानवेन्द्र ठाकुर ने कहा कि सडक हादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने रक्तदान किया। कांग्रेस भवन नाहन में आयोजित कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उसके बाद में रक्तदान किया। इस दौरान करीब 40 युवा कार्यकताओं ने रक्तदान किया। मीडिया से बात करते हुए सिरमौर जिला के प्रभारी जयवर्धन खुराना व जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र झालटा ने कहा कि



आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का अहम योगदान रहा है उन्होंने 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मत का अधिकार दिया साथ ही आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने में जो योगदान राजीव गांधी का रहा है उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने में भी राजीव का विशेष योगदान रहा है।

# पर्यटकों को लुभाएंगी फोरलेन की बनी टनलें

## पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे किरतपुर-नेरचौक फोरलेन हाईवे का शुभारंभ: जय राम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

भाजपा नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कनेक्टिविटी के मामले में काफी पीछे रहा था। प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सडक बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और इसमें काफी पैसे की लागत भी होती है। पीएम मोदी की केंद्र सरकार ने पिछले 5 साल में जब भाजपा की सरकार हिमाचल प्रदेश में थी तो सबसे श्रेष्ठ प्राथमिकता हिमाचल की कनेक्टिविटी को दी, चाहे वह रोड, ट्रेन या एयर के माध्यम से हो। यह बात बिलासपुर मे आयोजित पत्रकारवार्ता में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कही। इस दौरान उनके साथ वार्ता में विधायक त्रिलोक जम्वाल, रणधीर शर्मा,



जेआर कटवाल, राकेश जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, स्वदेश ठाकुर, हंसराज ठाकुर, कमल गौतम, रोशन ठाकुर, प्यारे लाल, विक्रम ठाकुर, सोनल शर्मा आदि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार पिछले 5 साल में 2700 किलोमीटर सडक निर्माण हुआ है।अब किरतपुर से लेकर मनाली तक का सफर नए फोरलेन रास्ते पर बनी सुरंगें पर्यटकों को लुभाएंगी और इसके अलावा फोरलेन कई मायनों में किफायती भी साबित होगा। इससे समय और धन दोनो की बचत होती। सुरक्षा और सामरिक दृष्टि के मद्देनजर यह रोड़ हिमाचल की आर्थिकी मे अहम योगदान देने वाला है। आशा है कि जून महीने में किरतपुर से लेकर नेरचैक तक यह मार्ग पूरी तरह से सुचारू कर दिया जाएगा। इसके शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सडकए परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय प्रभारी नितिन गडकरी के आने की पूरी संभावना है। आगामी 15 जून के बाद कभी भी किरतपुर नेरचौक फोरलेन का विधिवत रूप से शुभारंभ हो जाएगा।उन्होंने आश्वस्त किया है कि जल्द ही उनका टूर प्रोग्राम भी जारी हो जाएगा। क्योंकि प्रधानमंत्री कार्यालय से किरतपुर नेरचौक फोरलेन के कार्य की पूरी डिटेल मांग ली गई है। वहीं उन्हें पूरी तरीके से विश्वास है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही इस फोरलेन कार्य का शुभारंभ करेंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि कीरतपुर-मनाली नेशनल हाईवे का काम लगभग पूरा हो चुका है। जून महीने में इस नेशनल हाईवे के उद्घाटन की तैयारियां की जा रही हैं। उद्घाटन से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा तय होगा। प्रधानमंत्री इससे पहले बीते साल अक्तूबर में पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ एनएच को फोरलेन में बदलने का शिलान्यास कर चुके हैं। अब वह कीरतपुर-नेरचौक नेशनल हाईवे का उद्घाटन करेंगे। इन नेशनल हाइवे से कीरतपुर से मनाली की दूरी करीब 37 किलोमीटर कम हो जाएगी। नेशनल हाइवे का बहुत बड़ा हिस्सा सुरंगों से होकर गुजरेगा। किरतपुर-मनाली फोरलेन में पंडोह से औट तक दस सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। किरतपुर-नेरचैक फोरलेन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

# लेह में मनाली के मोटरसाइकिलों के साथ तोडफोड़

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

लेह में मनाली वालों के मोटरसाइकिल तोडफ ोड़ की घटना से मनाली में माहौल गर्मा गया है। इस घटना के बाद बाइकर्स एसोसिएशन मनाली व लद्दाख बाइक रेंटल कोआपरेटिव लिमिटेड के बीच मतभेद गहराए गए हैं।गुस्साए एसोसिएशन के सदस्यों ने मनाली के ब्यास पुल के पास चका जाम कर दिया और मनाली लेह मार्ग बन्द कर दिया। इस बीच पलचान की ओर से एक एम्बुलेंस भी आई जिसे एसोसिएशन के सदस्यों ने जाने दिया। पता चलते ही थाना प्रभारी मुकेश राठौर मोके पर पहुंचे और एसोसिएशन के सदस्यों को शांत किया। लगभग 15 मिनट मनाली लेह मार्ग बन्द रहा। गौर हो कि इस विवाद को सुलझाने के लिए मनाली एसोसिएशन के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भी आग्रह किया था लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है। उल्टा विवाद और गहरा गया



है।मोटरसाइकिल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कर्ण व महामंत्री तेंजिन बौद्ध, सह सचिव चमन लाल और. कोषाध्यक्ष ब्रिशांक ने बताया कि दो दिन पहले लेह गए उनके 15 मोटरसाइकिल व एक गाड़ी लेह वालों ने तोड़ दी जिससे उनको भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वो कानून में रहकर ही काम कर रहे हैं लेकिन लेह वाले कानून तोडकर मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लेह प्रशासन भी उनका साथ दे रहा है और उनकी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहा है। मौके पर पहुंचे डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मनाली एसोसिएशन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि कानूनन उनकी हर सम्भव मदद की जाएगी। उन्होंने आगाह किया कि सडक में विरोध प्रदर्शन न करें। मिल बैठकर समस्या का समाधान करें। एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने बताया कि उपायुक्त कुल्लू लेह उपायुक्त से बातकर समस्या का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने भी एसोसिएशन के सदस्यों से शांति बनाए रखने की बात कही।

# स्वयंसेवियों ने साफ किया स्कूल परिसर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदला में सोमवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवियों को एनएसएस प्रभारी राज पाल कुटलैहडि?ा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, इसके उद्देश्य व एनएसएस की नियमित तथा विशेष शिविर से संबंधित जानकारी दी। दूसरे सत्र में स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में सफाई, सौंदर्यीकरण एवं पौधों की निराई व पानी देने का कार्य दिया गया। महिला कार्यक्रम अधिकारी रीटा व चौकीदार रमेश चंद ने भी



वालंटियर्स के साथ मिलकर नियोजित कार्य को सही तरीके से करने में मदद की। प्रधानाचार्य राजिंदर चंबियाल एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने वालंटियर्स को इस एक दिवसीय शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी।

## करियर पॉइंट डिफेंस अकादमी के 137 युवा बने अग्निवीर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा के 137 छात्र-छात्राओं ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा पास की। अकादमी के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद शर्मा में बताया कि अकादमी से अग्निवीर परीक्षा में 122 युवाओं ने जीडी, 6 युवाओं ने क्लर्क, 4 युवाओं ने टेक्निकल, 3 युवाओं ने ट्रेडमैन व 2 लड़कियों ने जीडी की लिखित परीक्षा पास की। अकादमी के कुल लिखित परीक्षा परिणाम 97.8 प्रतिशत रहा। इस मौके पर प्रकाश चंद ने युवाओं को शारीरिक परीक्षा में कड़ी मेहनत करने के टिप्स दिए।

# मेरा ब्रांड बेहतर समारोह में छाया हिमाचल का रूद्र शक्ति हर्ब्स

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल प्रदेश के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हिमाचल का नाम एक बार फि र से चमक उठा है हिमाचल प्रदेश के छोटे से जिले हमीरपुर में रूद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को बेस्ट एलोवेरा आधार निर्माण के लिए अवार्ड मिला है। दिल्ली में उल इतंदक इमजजमत मेरा ब्रांड बेहतर, भारत की तरफ से एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस प्रोग्राम में भारत सरकार और मिनिस्ट्री ऑफ साइंस




एंड टेक्नोलॉजी की तरफ से लगभग 3500 भारतीय स्टार्टअप आधारित कंपनियों ने तथा अच्छा काम करने वाली बहुत कंपनियों ने भाग लिया|

भारतीय उच्च कोटि के ब्रांड को सम्मानित करती है। इस प्रोग्राम में भारत की सभी बड़ी कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें हिमाचल प्रदेश की रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को, बेस्ट एलोवेरा आधार निर्माण के लिए बेस्ट एलोवेरा बेवरेजेज मैन्युफैक्चर का अवार्ड 2023 का प्रमाण पत्र और अवार्ड दिया गया। साथ ही लगभाग 70 भारतीय कंपनियों को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान दिया गया ।

## न्यूज फ्लैश

### लोकतंत्र के विकास के लिए पढ़ना चाहिए संविधान: चैतन्य

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

डिजिटल बाल मेला द्वारा आयोजित बच्चों की सरकार कैसी हो अभियान के तहत सोमवार को विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सबसे युवा विधायक चैतन्य शर्मा भी जुड़े। चैतन्य शर्मा ने बाल दावेदारों से राजनीति में कानूनी दांवपेच, एवं युवा जोश में तालमेल एवं चुनौतियों जैसे विषय पर बच्चों से चर्चा की। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को राजनीति में कानूनी शिक्षा की भी जानकारी दी। विधायक चैतन्य शर्मा ने अपनी राजनीति के शुरूआती दिनों एवं निजी जीवन के कुछ किस्से बच्चों से साझा किए एवं बताया कि वह राजनीति में कैसे आए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के विकास हेतु और एक जागरूक नागरिक होने के नाते बच्चों को कम से कम एक बार संविधान पढ?ा ही चाहिए या संविधान के भाग 3 और 4 की जानकारी रखनी ही चाहिए। इस सत्र में हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, एवं उत्तर प्रदेश से बच्चे मौजूद थे। सत्र में मौजूद बच्चों ने अपने-अपने सवाल चैतन्य शर्मा से किये और उनके जवाब जाने।

### एचडीएफसी बैंक ने उत्तर भारत में मेगा कार लोन मेला शुरू किया

**शिमला:** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज पूरे उत्तर भारत में एक मेगा कार लोन मेला शुरू करने की घोषणा की। हिमाचल प्रदेश,हरियाणा और चंडीगढ़ में 300 से अधिक बैंक शाखाएं प्रमुख ऑटोमोबाइल ब्रांडों और क्षेत्रीय डीलरशिप के साथ साझेदारी में बड़े पैमाने पर ऋण अभियान की मेजबानी करेंगी जो ग्राहकों को अपने कार मॉडल दिखाने के लिए शाखाओं में मौजूद रहेंगे।पात्र ग्राहकों के लिए बैंक ऑन द स्पॉट ऋण स्वीकृति प्रदान करेगा।एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को सस्ती ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करता है। कार लोन मेला ड्राइव की परिकल्पना ग्राहकों को विशेष रूप से अर्ध.शहरी और ग्रामीण स्थानों में ऑटोमोबाइल फाइनेंस की आसान पहुँच प्रदान करने के लिए की गई है।

बैंक विभिन्न प्रकार के पुनर्भुगतान कॉनफि गरेशन और न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ ऋण अनुरोधों को संसाधित करने के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा।31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए एचडीएफसी बैंक की ऑटो लोनबुक का आकार 1,17,429 करोड़ रुपये था। पिछले साल एचडीएफसी बैंक ने एक्सप्रेस कार लोन सुविधा शुरू की जो एक अत्याधुनिक डिजिटल एपीआई प्लेटफॉर्म है जो लगभग 30 मिनट में डीलरों के खातों में ऋण जमा करने में मदद करता है।

# इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना के लिए आवदेन 31 मई तक है अंतिम तिथि

**8 अभी तक स्पिति में इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना के लिए 285 आवेदन प्रशासन को प्राप्त हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने 15 अप्रैल को जिला लाहुल स्पिति के स्पिति विकास खंड में इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना 2023 की घोषणा की थी। इसी योजना के के क्रियान्वयन को लेकर स्पिति में सर्वेक्षण कार्य तीव्र गति से चला हुआ है। अभी तक



स्पिति में उक्त योजना के लिए 285 आवेदन प्रशासन को प्राप्त हुए है। स्पिति की इच्छुक महिलाएं 31 मई तक आवेदन कर सकती है। इस बारे में विशेष बैठक आयोजन किया गया है। इसमें सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग की ओर से विस्तृत जानकारी दी गई है। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि स्पिति राज्य का सबसे दुर्गम इलाका है। यहां पर जीवन यापन चुनौती भरा तो है कि वहीं छह महीने तक पूरी तरह बर्फ से स्पीति घाटी ढकी रहती है। इस क्षेत्र की महिलाएं घरेलू कामकाज के अलावा आर्थिकी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना से महिलाओं की आर्थिकी मजबूत होगी इसके साथ ही पारिवारिक एंव सामाजिक जिम्मेदारियों को निर्वहन भी सार्थक ढंग से हो सकेगा। इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना में 1500 रूपए मासिक पेंशन दी जाएगी। विभाग ने परिवार रजिस्टर्ड की नकल 31 मार्च 2023 तक अनिवार्य की है। इच्छुक महिलाओं को तहसील कल्याण अधिकारी, काजा के कार्यलय में आवेदन पत्र सहित दस्तावेज जमा करवाने होंगे। इस योजना के लिए सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग द्वारा तय की गई योग्यताएं अग्रलिखित है।

## विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सहायक अभियन्ता विद्युत उपमण्डल भून्तर ईश्राम सिंह यादव ने जानकारी देते हुये बताया कि 11 केवी फ ीडर बजौरा के जरूरी रख-रखाव व पेड़ों की टहनियां ईत्यादि काटने से सम्बधित कार्यों के कारण 24 मई, 2023 को आफिसर कलोनी शाढ़ाबाई, बोर्ड कलोनी, लोअर शढ़ाबाई व आसपास के ईलाकों में सुबह 10 बजे से सांय 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। तथा 31 मई, 2023 को 11 केवी एचटी लाईन को बदलने हेतु भटग्रां, जरड़, रूआड़ू, बाहमीनाला, दियार, लोअर कलैहली, लोअर बजौरा व आसपास के ईलाकों में सुबह 10 बजे से सांय 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिला चंबा ने जीते 5 पदक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

बिलासपुर में चल रही दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी चंबा जिला के धावकों ने पदक जीतने का सिलसिला बरकरार रखा। इसकी जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक संघ के सचिव योगेश चौणां ने बताया कि लडकों के साथ साथ लड़कियों ने भी पदक जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अंडर-18 आयु वर्ग में रोहित ठाकुर ने 100 मीटर की दौड़ में सिल्वर मेडल जिला चंबा की झोली में डाला। वहीं दूसरी



ओर अंडर 20 वर्ग में लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में भी सिल्वर मेडल हासिल किया। अंडर-18 वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में तनिष्का बराल ने सिल्वर मेडल तथा 800 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जिला चंबा के लिए प्राप्त किया। जिला चंबा एथलेटिक संघ के अध्यक्ष शौकत अली मलिक ने बताया कि जिला में धावकों की तलाश जारी है तथा लड़कियों को भी प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार जिला के धावकों ने तीन रजत पदक तथा दो कांस्य पदक चंबा जिला के लिए जीते हैं । शौकत अली तथा योगेश चौणां ने जिला के धावकों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

# कुरियाला में तेंदुए की दहशत, बकरी को बनाया निवाला



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला मुख्यालय के साथ लगते कुरियाला गांव में इन दिनों तेंदुए की दहशत है। तेंदुए ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर पालतु पशुओं को अपना शिकार बना रहा है। जिसके चलते कुरियाला के ग्रामीण सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाने की मांग उठाई है, ताकि तेंदुए को काबू किया जा सके। कुरियाला निवासी सोमा देवी ने बताया कि रविवार रात को रोजाना की तरह अपनी बकरी घर के आंगन में बांधी हुई थी। सोमवार सुबह देखा तो बकरी को तेंदुए ने अपना निवाला बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से पूरी जानकारी जुटाई। वहीं अन्य ग्रामीणों में राजेश कुमार, मनी, रीना, सैफी, साहिल, मलेश, रिंकु व शम्मी ने बताया कि कई बाद तेंदुए गांव में घूमता हुआ दिखाई देता है, जिसके चलते रात के समय घर से निकलने में डर लगता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में तेंदुए के पहुंचने के चलते छोटे-छोटे बच्चों को भी घरो से बाहर भेजने में डर लगता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से मांग करते हुए जल्द से जल्द पिंजरा लगाने की मांग उठाई है। कुरियाला ग्राम पंचायत की प्रधान परमजीत कौर ने बताया कि गांव में तेंदुए द्वारा पालतु पशुओं को अपना शिकार बनाने के चलते ग्रामीण दहशत में है। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई है। उधर, डीएफओ ऊना सुशील राणा ने कहा कि कुरियाला गांव में तेंदुए के आने की सूचना मिली है। जिसको लेकर वन विभाग की टीम ने गांव का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि गांव में जल्द पिंजरा भी लगाया जाएगा, ताकि तेंदुए को काबू किया जा सके।

# भारतीय महिला आईस हॉकी टीम में खेलने पर दो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

आइस हॉकी महिला एशिया और ओसिनिया चैपिंयनशिप वर्ग में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली दो स्पिति की खिलाडि?ों को अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने सम्मानित किया। थाईलैंड में आयोजित आइस हॉकी महिला एशिया और ओसिनिया चैपिंयनशिप में स्पिति की रहने वाली तेंजिन सालडोन और किन्नौर जिला के शलखर गांव की रहने रिगजिन डोल्मा भारतीय आईस हॉकी की टीम से खेली है। 30 अप्रैल से लेकर 7 मई 2023 तक ये चैंपियनशिप चली। इस चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने चौथा स्थान हासिल किया है। अतिक्ति उपायुक्त राहुल जैन ने दोनों खिलाडि?ों को आषी पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर



पर उन्होंने कहा कि स्पिति क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि पहली बार यहां के खिलाड़ी आईस हॉकी में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे है। हिमाचल प्रदेश में आईस हॉकी को लेकर बच्चों के काफी उत्साह है। ऐसे में इस तरह इन दोनों खिलाडि?ों की सफलता बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि भविष्य में ओर खिलाड़ी स्पिति से निकल कर भारतीय टीम का हिस्सा बनेंगे और मैडल जीत कर लाएंगे। स्थानीय प्रशासन और प्रदेश सरकार स्पिति में विंटर खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए आधारभूत ढांचा विकसित कर रही है। लोसर सगनम में भी आईस हॉकी का रिंक तैयार किया जा रहा है। आइस हॉकी में भारतीय टीम का हिस्सा रही तेंजिन सेलडॉन ने कहा कि मेरा पहली बार चयन हुआ था। मैंने कभी सोचा नहीं था कि कभी भारतीय टीम का हिस्सा बनूंगी। मैं स्पिति आइस हॉकी एसोसियेशनए स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त करती हूं जोकि पिछले तीन सालों से यहां पर आईस हॉकी का प्रशिक्षण बच्चों को दे रहे हैं। वहीं खिलाड़ी रिंगजिन डोल्मा ने कहा कि हमारे कोच अमित बेलवाल ने हमारा मार्गदर्शन किया है। उन्होंनें आईस हॉकी की एएबीएसी पूरे स्पिति के बच्चों को सिखाई है। आज हम जो भी है उनकी मेहनत और परिजनों के आषीर्वाद से है। हम अगले साल अवश्य मैडल जीत कर लाएंगे। इस मौके पर आईस हॉकी ऐसोसियेशन के उपाध्यक्ष छेरिंग साक्या, महासचिव कुंगा तंडुप, संगठन सचिव स्कालजंग दोरजे, कोषाध्यक्ष डा विकास रोपा, स्टोर इंचार्ज सोनम टाक्पा और कार्यकारी सदस्य डा. तेंजिन नोरबू मौजूद रहे।

# सबके लिए शाश्वत प्रेरणा है महाराणा प्रताप का जीवन: कुलदीप सिंह पठानिया

**धर्मशाला**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन को सभी के लिए शाश्वत प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का पराक्रम, साहस और स्वाभिमान हर भारतवासी की पूंजी है। उनके संघर्ष में उन्हें विविध वर्गों का साथ मिला, जो उनमें लोगों के अगाध विष्स का प्रकटीकरण है।



विधानसभा अध्यक्ष ने यह विचार सोमवार को कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के पठियार में राजपूत कल्याण सभा तथा राजपूत कल्याण ट्रस्ट द्वारा संयुक्त तौर पर आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने समारोह में मौजूद सभी को महाराणा प्रताप जयंती की बधाई देते हुए देष के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाली हर महान विभूति को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश को जब भी जरूरत पड़ी यहां शूरवीरों ने हंसते हुए स्वयं को बलिदान किया है।

उन्होंने वजीर राम सिंह पठानिया के महान बलिदान को भी स्मरण किया और कहा कि 1857 के प्रथम मस्वतंत्रता संग्राम से भी 10 साल पहले नूरपुर के वजीर राम सिंह पठानिया ने अंग्रेजों से लोहा लिया था।

ऐसे तमाम महान बलिदानियों के त्याग के बूते ही आज हमारा देश एक है। कुलदीप सिंह पठानिया ने राजपूत कल्याण सभा की विविध विकास एवं कल्याण कार्य के लिए एक करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की मांग पर सरकार की ओर से समुचित धनराशि मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कांगड़ा हवाई अड्डे का नामकरण महाराजा संसार चंद कटोच के नाम पर करने की राजपूत सभा की मांग का भी समर्थन किया।

**महाराणा प्रताप के सिद्धातों को रोजमर्रा के जीवन में अपनाएं: विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण एवं युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने महाराणा प्रताप के विराट व्यक्तित्व को सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके आदर्शों व सिद्धातों को रोजमर्रा के जीवन में अपनाने व अमल में लाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारे सिद्धांत ही हमारी ताकत होते हैं, जिनपर मुश्किल समय में अडिग रहना जरूरी है। इस ओर ध्यान देने की आवष्यता है कि आज के समय में महाराणा प्रताप के आदर्षों को जीवन में किस तरह अमल में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्रवाद व जातिवाद में विष्वास नहीं है, सबका विकास सर्वत्र विकास ही हमारा ध्येय है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में प्रदेश के लिए 2800 करोड़ की स्वीकृति

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सरकार सड़क नेटवर्क को मजबूत करने पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में प्रदेश को केंद्र से 2800 करोड़ की स्वीकृति मिली है। यह धनराशि प्रदेश के दुर्गम व दूरदराज क्षेत्रों में 2400 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव पर खर्ची जाएगी।

# जनता की मांग अनुरूप कार्य का निष्पादन करें अधिकारी: उप मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत दिवस को चौपाल विधानसभा क्षेत्र प्रवास के दौरान विश्राम गृह चौपाल में विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से भेंट की तथा जन समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि आम जन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निपटारा करने के निर्देश दिए।उप मुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग, एचआरटीसी और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ चौपाल क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।उप-मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष महेश्वर चौहान, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### कटौहड़ खुर्द में पत्नी पर दराट से हमला, लहुलूहान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना अंब के तहत कटौहड़ खुर्द में एक व्यक्ति ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी पत्नी पर दराट से हमला करके बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। बीच-बचाव में महिला एक हाथ की दो उंगलियां भी कटकर अलग हो गईं। पीड़ित महिला की पहचान रीना कुमारी हुई है। उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल अंब से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन पीड़ित का बेटा उसे उपचार के लिए होशियारपुर ले गया है। वहीं पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रीना कुमारी निवासी कटौहड़ खुर्द रविवार रात करीब नौ बजे अपने घर के बरामदे में सिलाई का काम कर रही थी। इसी दौरान पति विजय कुमार वर्मा के साथ कहासुनी हो गई। पति तैश में आकर घर मे पड़े दराट से पत्नी पर लगातार वार कर दिए। इस हमले में उसकी बाजू व टांग पर गंभीर चोटें आईं हैं और एक हाथ की दो उंगलियां भी कटकर अलग हो गईं। घायल अवस्था में रीना को बेटे द्वारा अंब अस्पताल ले जाया गया, जहां पर गंभीर हालत में महिला को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। उधर, थाना प्रभारी अंब आशीष पठानिया ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपी पति को गिरफ्तार करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पंजाब के युवकों से पुलिस ने बरामद किया 22.29 ग्राम चिट्टा, 1.50 ग्राम मेथामफेटामाईन भी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फॉर्स व परवाणू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में टीम ने नाकाबंदी के दौरान पंजाब नंबर की एक कार से 22.29 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। साथ ही कार में से 1.50 ग्राम मेथामफेटामाईन प्रतिबंधित ड्रग भी बरामद की गयी है। कार में तीन युवक सवार थेए जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार प्रदेश एंटी नारकोटिक्स टास्क फॉर्स व परवाणू पुलिस की जॉइंट टीम ओल्ड नेशनल हाईवे पर होटल माया के पास तैनात थी। इस दौरान इन्नोवा कार नंबर पीबी-13-एन-8054 को रोका गया। कार में मोहन लाल उम्र 40 वर्ष निवासी गाँव खरड पंजाब, महेंदर सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी गाँव खरड पंजाब व प्रदीप कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी सेक्टर 56 चंडीगढ़ सवार थे। पुलिस टीम ने जब इन्नोवा कार की तलाशी ली तो उसमे से 22.29 ग्राम चिट्टा व 1.50 ग्राम मेथामफेटामाईन बरामद किया गया।

डीएसपी प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया की इस संदर्भ में मामला दर्ज करते हुए कार में सवार तीनो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाइ जा रही है।

### पंजाब के तीन लोगों से नशे की खेप बरामद

**सोलन**

जिले के अंतर्गत परवाणू के पास राष्ट्रीय उच्च मार्ग - 5 कालका - शिमला पर स्थित टिम्बर ट्रेल रिसोर्ट के पास सोमवार को एएनटीएफ शिमला की टीम ने पंजाब के तीन लोगों से 22.29 ग्राम हैरोइन व 1.56 ग्राम मेथामेपथेंन बरामद कर हिरासत में लिया है ।

शिमला की ए एन टी एफ की टीम टी टी आर के पास नाके पर मौजूद थी, इस दौरान वाहनों की तलाशी लेते हुए उन्हें ये मादक पदार्थ बरामद हुए ।

पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि मादक पदार्थों के साथ हिरासत में लिए गए आरोपियों की पहचान मोहन लाल, मनिन्द्र सिंह निवासी खरड़, पंजाब तथा प्रदीप कुमार निवासी सेक्टर 56, चण्ड़ीगढ़ के रूप में हुई है ।

उन्होंने कहा कि इन तीनों अरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना परवाणु में धारा 21, 25, 29 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# जनकौर में बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिरी, दो सगे भाई जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला मुख्यालय के साथ लगते जनकौर में एक बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई जख्मी हुए हैं। दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने भी मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह बिहार निवासी बिट्टू कुमार व विनोद कुमार अपने जीजा के साथ बाइक पर सवार होकर ऊना से बाथड़ी में शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे।

जनकौर पहुंचने पर बाइक



अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। हादसे में बाइक सवार बिट्टू व विनोद लहुलूहान हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लाया गया। उधर, डीएसपी हैडक्वार्टकर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

# पशु पालन विभाग ने भलेत से काबू किया आवारा सांड

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पशु पालन विभाग ने क्षेत्र में आवारा घूम रहे पशुओं को पकड? के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को भलेत गांव से एक आवारा सांड को पशु पालन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से काबू कर थानाकलां काऊ सेंचुरी भिजवा दिया है। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्येंद्र ने बताया कि रविवार रात्रि भलेत निवासी सुमन प्रकाश की पशुशाला में आवारा सांड घुस गया और दो पशुओं को घायल कर दिया। सुमन ने बड़ी होशियारी के साथ रात को उस आवारा सांड को पशुशाला में




कैद कर लिया, जिसकी सूचना स्थानीय उप प्रधान अजय शर्मा को सूचना दी। अजय शर्मा की सूचना के बाद पशु विभाग की टीम भलेत पहुंची, जिन्होंने ट्रेंकुलाइजर गन से सांड को बेहोश थानाकला काऊ सेंचुरी में भिजवाया। इस मौके फार्मेसिस्ट मुकेश, अरुण कुमार, सुमन प्रकाश, रणजोध सिंह, वार्ड सदस्य प्रवीण कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हिमाचल में भीषण गर्मी का कहर

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश में गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। शुष्क मौसम की वजह से हर दिन के साथ तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है। प्रदेश के मैदानी इलाकों में प्रचण्ड गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। दिन में तेज धूप लोगों को परेशान करने लगी है। आलम यह है कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। हालांकि 23 मई से गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भारी वर्षा, ओलावृष्टि, अंधड़ व बिजली गिरने का अलर्ट जारी



किया है।

सोमवार को प्रदेश में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग के अनुसार लगभग सभी इलाकों में तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री ज्यादा बना हुआ है पांच शहरों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। प्रदेशभर में सबसे ज्यादा तापमान ऊना जिले में 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। इसी तरह धौलाकुंआ में 41.4, बरठीं में 41.2 और बिलासपुर व हमीरपुर में 40-40 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के पहाड़ी इलाकों में भी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। सोमवार को सीजन में पहली बार शिमला का पारा 28 डिग्री पार कर गया। शिमला का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री, डल्हौजी का 27 डिग्री, कल्पा का 24.4 डिग्री, कुफरी का 22.8 डिग्री, नारकंडा का 23.8 डिग्री, केलंग का 20.9 डिग्री और कुकुमसेरी का 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## सडक पर रोककर युवक से की गई मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस चौकी जोल के तहत बडूही बाजार में एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक का स्थानीय अस्पताल में उपचार व मेडिकल करवाया। वहीं पुलिस ने घायल की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हर्ष चौहान निवासी बडूही ने बताया कि रविवार शाम को अपने चचेरे भाईयों के साथ मोटर साईकल पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहा था। बडूही बाजार में निशांत चौधरी उर्फ सैंटू, सौरव, हर्ष चौधरी, अविनाश, जतिन व जोनी ने मेरा रास्ता रोक कर मारपीट भी की।

# मोदी सरकार के 9 साल मानने को भाजपा तैयार: सुरेश कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के 9 वर्ष 30 मई को पूर्ण होने जा रहे हैं और इसको भाजपा पूरे हिमाचल प्रदेश में एक पर्व के रूप में मनाने जा रही है।इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में अति उत्साह है और जितने भी कार्यक्रम केंद्र नेतृत्व द्वारा हिमाचल प्रदेश को भेजे गए हैं उसको धरातल पर उतारने के लिए भाजपा का मजबूत कार्यकर्ता उत्साहित है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल से भावात्मक नाता है और उन्होंने हिमाचल प्रदेश की प्रगति के लिए कभी भी कोई कमी नहीं रखी है।चाहे हम बात करें बल्क ड्रग पार्क की या मेडिकल डिवाइस पार्क की, इनके निर्माण कार्य में हमेशा केंद्र का अद्भुत सहयोगी हिमाचल प्रदेश को प्राप्त हुआ है इन दोनों योजनाओं से हिमाचल प्रदेश को बहुत लाभ होगा और आने वाले समय में हजारों युवाओं को इन परियोजना में नौकरियों के स्वर्ण अवसर प्राप्त होंगे। कश्यप ने कहा कि चाहे हम चंडीगढ़ सोलन शिमला नेशनल हाईवे की बात करे या सिरमौर को जोड? वाले ही ग्रीन कॉरिडोर की दोनों से हिमाचल प्रदेश को बहुत बड़ा



लाभ हुआ है जिससे हिमाचल प्रदेश में पर्यटक बढ़ेगा और स्थाई जनता को इसका बड़ा लाभ पहुंचेगा।उन्होंने कहा की मेडिकल डिवाइस पार्क का दूसरा चरण शुरू हो गया, नालागड़ कटिंग का काम समाप्त हो गया है अब लेवलिंग और फीलिंग का काम दूसरे चरण में होगा। मेडिकल डिवाइस पार्क को 100 करोड़ की ग्रांट मिल गई है और इसकी स्थापना पर 350 करोड़ पर खर्च होगा, नालगढ़ में 265 एकड़ भूमि इस पार्क के लिए चयनित कर ट्रांसफर हो चुकी है।

इसके निर्माण कार्य के लिए डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड एजेंसी के रूप में काम कर रही है । इस पार्क में सरकार ने 5000 करोड़ निवेश का लक्ष्य रखा है जिसमें 10000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए ड्राफ्ट लैंड पॉलिसी फाइनल हो चुकी।

एसमएल-26

# प्रताप नगर में स्वयंसेवियों ने चलाया मेरा स्वच्छ शहर अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल अंब के तहत प्रतापनगर में अंब नगर के स्वयंसेवकों ने महराणा प्रताप जयंती एवं पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को मेरी लाइफ, मेरा स्वच्छ शहर अभियान चलाया गया। स्वयंसेवको ने प्रतापनगर वार्ड नंबर 9 के पार्क के आस-पास व खड्ड से सिंगल यूज पॉलिथीन इका कर स्वच्छता अभियान को चलाया। यह अभियान खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग से सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर-राकेश चड्ढा की अध्यक्षता में चलाया गया। राकेश



चड्ढा ने बताया कि इस अभियान के दौरान लगभग 30 किलोग्राम सिंगल यूज पॉलिथीन को इकट्ठा किया गया, जिसको नगर पंचायत अंब को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर स्वयंसेवको को महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं के बारे में बताया गया। इस भियान के दौरान स्वयंसेवकों में पंचायत प्रधान वरिंदर शर्मा, बीडीसी सदस्य बलबीर धीमान, व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सुमित ठाकुर, सुरिंदर शर्मा, रविचंद्र, सतवीर सिंह, सुधीर गौतम, मनोज कौशिक, अमन गोस्वामी, लविश गौतम, अर्शित, उदय, कार्तिक, आर्यन, सुमित सूद, अनमोल, आदित्य, तानिष राणा, रितिष गौस्वामी, नितिन, हर्ष, निखिल, मुनीश, अर्नव व नरेश आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग, केवल प्रोत्साहन की आवश्यक्ता : अनीश ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

वर्तमान में दिव्यांगता किसी भी क्षेत्र में आड़े नहीं आएगी, सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। जिनका लोग लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। यह बात लुहणू खेल परिसर आज से शुरू हुए दिव्यांग सीटिंग वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला दिव्यांग पुर्नवास संस्थान के सदस्य एवं समाजसेवी अनीश ठाकुर ने कही।

अनीश ठाकुर ने कहा कि भारतीय टीम में हिमाचल प्रदेश की पांच खिलाड़ी भाग ले रहे




हैं। जो कि गौरव का विषय है। यह जानकारी देते हुए दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर की सचिव रचना देवी ने बताया कि इसके बाद भारतीय टीम का नेशनल लेवल का प्रशिक्षण शिविर बेंगलोर में होगा। उन्होंने बताया कि कजाकिस्तान में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम में हिमाचल के पांच खिलाड़ी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इस शिविर में हमीरपुर से सोमा देवी, सचित कुमार, किन्नौर की माला भक्ति, सिरमौर से सुमन कुमारी, मंडी से शशि देवी, कांगड़ा से निशा देवी जबकि बिलासपुर रेणू कुमारी, बबीता, पवन कुमार, वीना देवी, तृप्ता देवी और जोगेंद्र शामिल हैं। शिविर के शुभारंभ पर संघ सदस्य अश्वनी चंदेल भी मौजूद रहे।

# भाजपा के निर्माणाधीन कार्यालय का पूर्व सीएम धूमल व राजीव बिंदल ने दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हमीरपुर जिला भाजपा के निमार्णाधीन कार्यालय का आज पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दौरा किया तथा निमार्ण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। दोनों नेताओं ने भवन निर्माण में अपने सुझावों को रखा तथा उसमें मामूली बदलावों के बारे में दिशा-निर्देश दिए। लगभग चार करोड रूपए की लागत से बनने वाले भाजपा के कार्यालय में न केवल पार्टी गतिविधियों के लिए स्थान होगा, बल्कि बाहर से आने वाले भाजपा



नेताओं और कार्यकताओं के ठहरने की भी व्यवस्था होगी।इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि 2016-17 में जब यह निर्णय लिया गया कि देश भर के जिला मुख्यालयों में पार्टी के अपने भवन निर्मित किए जाएंगे जिसमें कि पार्टी का दफतर, बैठकें और पूर्ण कालिक का ठहरने की व्यवस्था की जाए तो सबसे पहले हमीरपुर में जमीन खरीदी गई थी। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण की औपचारिक्ताएं पूरी कर लीं गई थी पर निर्माण देरी से शुरू हुआ तथा निर्माण समिति के अध्यक्ष सतपाल सत्ती कासहयोग मिल रहा है। हमीरपुर भाजपा के कार्यकताओं के लिए यह इच्छा पूरी होने जा रही है।

## संपादकीय

# हिंदुत्व बनाम बिना शोर का धामीवाद

**इसमें** कोई शक नहीं है कि उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी अपनी प्रवृति के अनुरूप पार्टी लाइन पर भी धीर-गम्भीर,दूरंदेशी और बिना शोर शराबे के मूलोच्छेदन निर्णय लेकर, प्रदेश को अब से दस साल बाद आने वाली समस्याओं से अभी निजात दिलाने के गम्भीर प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में जिस तरह योजनाबद्ध तरीके से प्रदेश को जनसंख्या असंतुलन और सीमान्त क्षेत्रों की सडकों के किनारे अतिक्रमण कर, प्रदेश की सुरक्षा के साथ देश की सुरक्षा को भी खतरे में डालने के प्रयास युद्धस्तर पर किये जा रहे हैं, वे अकल्पनीय हैं। इसमें कोई संदेह किसी भी राष्ट्रवादी को नहीं होना चाहिए कि इन रक्तबीज समस्याओं का समूल निदान अभी नहीं किया गया तो प्रदेश का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। इसमें भी कोई शक नहीं है कि इस समय प्रदेश का नेतृत्व बिना गर्वोक्ति किये, चुपचाप समस्याओं का निराकरण करते जाने की सशक्त मानसिकता वाले युवा के कंधों पर है और वे अपना कर्तव्य बिना आत्मप्रवंचना और शोर शराबे के एक एक कर चुपचाप करते चले जा रहे हैं और किसी को कोई पता भी नहीं लगने दे रहे हैं। मोदी के हर कार्य में खोट देखने और स्वयं को चाणक्य का एकमात्र वारिस मानने वाले लोग बिना जाने और बिनाविचारे मोदी को इस बात के लिए कोसते रहते हैं कि वे अपने पीछे भाजपा में अपने वर्चस्व को बनाये रखने के लिए कोई दूसरी सशक्त पार्टी लाइन नहीं बनने दे रहे हैं। येमोदी विरोध में इकतरफादृष्टिमान लोग अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, शिवराजसिंह, हेमंत विश्वा और सबसे युवा पुष्कर धामी कोबिलकुल कैसे नकार सकते हैं जिनपर, तीन तीन मुख्यमंत्रियों पर दांव लगाने के बाद,चुनाव हार जाने के बावजूद इकतरफा दुबारा दांव लगा कर,एक अत्यंत संवेदनशील और विभिन्न समस्याओं के बारूद पर बैठे प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद से सडकों के किनारे, सीमांत क्षेत्रों में जिस तरह से रातोंरात मजारें उगीं और फिर तुष्टीकरण की नीति के चलते उन्हें पक्के भवनों में बदलते देर नहीं लगी थी, मगर सीबीआई और रॉ की रिपोर्टों कि यह सब पाकिस्तान की आइएसआई के माध्यम से हो रहा है। जानकर भी उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही न किया जाना, एक नजीर बना और उत्तराखंड भी उसका शिकार बना यहाँ भी रातोंरात हजारों मजारें सडकों के किनारे, जंगलों के मध्य और विशेष रूप से किसी भी क्रम में संवेदनशील क्षेत्रों के बीच या उनके आसपास उग आयीं। पिछली सरकारें वोटों की राजनीति के चलते और दृढ़ इच्छाशक्ति के आभाव में इस विषय में कोई सक्षम कार्यवाही नहीं कर सकी। किन्तु धामी सरकार ने प्रकरण की गम्भीरता को समझा और दूरगामी परिणामों के दृष्टिगत उन्हें हटाना शुरू किया। आश्चर्य की बात यह कि अधिकाँश कब्रों में हड्डी का एक टुकड़ा तक नहीं मिला। एक इन्टरव्यु में धामी ने बताया कि वे अधिकाँश मजारें हटवा चुके हैं और संवेदनशील तथा फर्जी मजारों को जो बची हैं उन्हें भी शीघ्र ही हटवा दिया जाएगा। जहां तक समान नागरिक संहिता का प्रश्न है धामी ने बताया कि उसपर 90 प्रतिशत काम तो हो गया है। जून तक एक्सपर्ट कमेटी इसकी रिपोर्ट फाइनल कर देगी जिसके बाद इसे लागू करने पर तुरंत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।भारत में उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य है (पुर्तगाली उपनिवेश होने के कारणगोआ मेंभारत में सम्मिलन से पूर्व से हीयह लागू था) जो देश मे समान नागरिक संहिता लागू करेगा।

# कायम है प्रधानमंत्री मोदी का जलवा

अशोक भाटिया

"आपको मजाक लग रहा हो तो मेरी टीम से पूछ लीजिए। जिसके बारे में मैं ने सुना नहीं, कभी मिला नहीं वह भी उस भोज में शामिल होना चाहते हैं। हमारे पास अब आमंत्रण पत्र नहीं बचा है लेकिन फिल्म अभिनेताओं से लेकर मेरे संबंधी तक हर कोई आने को इच्छुक हैं। आप बहुत लोकप्रिय है। वहीं मौजूद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अलबनीज ने भी ऐसी ही परेशानी सुना दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में सामुदायिक आयोजन के स्थल पर 20 हजार लोगों के लिए जगह है लेकिन उनके लिए मुश्किल हो रही है। इस कार्यक्रम में अलबनीज भी रहेंगे। गौरतलब है कि सिडनी के एक क्षेत्र हैरिस पार्क में यह आयोजन होना है जिसे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के वक्त लिटिल इंडिया घोषित किया जाएगा। वैसे तीन देशों की इस यात्रा को भारतीय सभ्यता के प्रसार से भी जोड़ा जा रहा है"

**हाल** ही में पापुआ न्यू गिनी के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबरदस्त स्वागत उनका अंतर्राष्ट्रीय जलवा ही है । पापुना न्यू गिनी ने प्रधानमंत्री मोदी की निर्विवाद रूप से ग्लोबल नेता स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री जेम्स मारपे ने नरेंद्र मोदी से कहा कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र उन्हें ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में मानता है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के नेतृत्व के पीछे रहेगा। प्रशांत द्वीप समूह के देशों के सामने आने वाली समस्याओं पर रोशनी डालते हुए जेम्स मारपे ने कहा कि हम वैश्विक राजनीति के शिकार हैं। आप (प्रधानमंत्री मोदी) ग्लोबल साउथ के नेता हैं। हम वैश्विक मंचों पर आपके नेतृत्व का समर्थन करेंगे। जेम्स मारपे ने कहा, रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे की बजाय हम अपनी छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए आयात और मुद्रास्फीति पर ध्यान देते हैं। श्रीमान प्रधानमंत्री (प्रधानमंत्री मोदी), आपके सामने बैठे इन राष्ट्रों में ईंधन और बिजली शुल्क बहुत अधिक है। ये देश और हम जियोपॉलिटिक्स और बड़े राष्ट्रों के खेल से पीड़ित हैं और सत्ता संघर्ष से परेशान हैं प्रधानमंत्री मोदी से जी20 और जी7 जैसे वैश्विक मंचों पर छोटे द्वीप राष्ट्रों के लिए एक सक्रिय आवाज बनने का आग्रह करते हुए जेम्स मारपे ने कहा, आप वो आवाज हैं जो हमारे मुद्दों को उच्च स्तर पर पेश कर सकते हैं क्योंकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं, इकोनॉमी और वाणिज्य, व्यापार और जियो-पॉलिटिक्स से जुड़े मामलों पर चर्चा करती है। मरापे ने कहा, मैं प्रशांत क्षेत्र के अपने छोटे भाई और बहन देशों के लिए बोल रहा हूं। हालांकि हमारी भूमि छोटी हो सकती है और संख्या भी कम हो सकती है, लेकिन प्रशांत क्षेत्र में हमारा क्षेत्र और स्थान बड़ा है। दुनिया व्यापार, वाणिज्य और आवाजाही के लिए इसका इस्तेमाल करती है। हम चाहते हैं कि आप (प्रधानमंत्री मोदी) हमारी आवाज बनें। हमारे नेताओं के पास आपसे बात करने के लिए छोड़ा ही वक्त होगा। मैं चाहता हूं कि आप उन्हें सुनें। उम्मीद है कि इन चर्चाओं के बाद भारत और प्रशांत के संबंध और मजबूत हों। पापुआ न्यू गिनी के नेता ने आगे कहा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, विशेष रूप से हमारे बीच के छोटे देश, इन्होंने वैश्विक नेता के रूप में आपको समर्थन दिया है। पापुआ न्यू गिनी में सोमवार को तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद में विश्वास करता है और एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनके लिए प्रशांत द्वीप राष्ट्र बड़े महासागरीय देश हैं न कि छोटे द्वीप राज्य। प्रधानमंत्री मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारपे के साथ तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके वैश्विक नेतृत्व की मान्यता में फिजी के प्रधानमंत्री द्वारा फिजी के सर्वोच्च सम्मानः कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया है। आज तक गिने-चुने गैर-फिजी लोगों को ही यह सम्मान मिला है।



उल्लेखनीय है कि 2014 में लॉन्च किए गए इस मंच में भारत और 14 प्रशांत द्वीप देश शामिल हैं। यह देश हैं फिजी, पापुआ न्यू गिनी, टोंगा, तुवालु, किरिबाती, समोआ, वानुअतु, नीयू, माइक्रोनेशिया के संघीय राज्य, मार्शल द्वीप समूह, कुक द्वीप समूह, पलाऊ, नाउरू और सोलोमन द्वीप हैं। गौरतलब है कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को लेकर अलग अलग राय रखी जाती है, लेकिन जिस तरह विश्व के दो शक्तिशाली देश अमेरिका और अस्ट्रेलिया के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मुक्त कंठों से उनकी लोकप्रियता को सराहा वह देश के लिए भी गर्व का विषय है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने तो यहाँ तक कहा कि प्रधानमंत्री जी मुझे आपका आटोग्राफ लेना चाहिए। वहीं जापान की यात्रा के बाद जब प्रधानमंत्री पापुआ न्यू गिनी पहुंचे तो अदभुत दृश्य था। अगवानी को आए न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने मोदी के पैर छुए। बताते हैं कि जापान में क्वाड बैठक के वक्त बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि उन्हें एक अजीबोगरीब चुनौती से जूझना पड़ रहा है। बाईडेन ने तो यहाँ तक कहा कि अगले महीने हमने वाशिंगटन में आपके सम्मान में जो स्वागत भोज रखा है उसमें शामिल होने के लिए पूरा देश उमड़ रहा है। आपको मजाक लग रहा हो तो मेरी टीम से पूछ लीजिए। जिसके बारे में मैं ने सुना नहीं, कभी मिला नहीं वह भी उस भोज में शामिल होना चाहते हैं। हमारे पास अब आमंत्रण पत्र नहीं बचा है लेकिन फिल्म अभिनेताओं से लेकर मेरे संबंधी तक हर कोई आने को इच्छुक हैं। आप बहुत लोकप्रिय है। वहीं मौजूद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अलबनीज ने भी ऐसी ही परेशानी सुना दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में सामुदायिक आयोजन के स्थल पर 20 हजार लोगों के लिए जगह है लेकिन उनके लिए मुश्किल हो रही है। इस कार्यक्रम में अलबनीज भी रहेंगे। गौरतलब है कि सिडनी के एक क्षेत्र हैरिस पार्क में यह आयोजन होना है जिसे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के वक्त लिटिल इंडिया घोषित किया जाएगा। वैसे तीन देशों की इस यात्रा को भारतीय सभ्यता के प्रसार से भी जोड़ा जा रहा है। इसी दौरान हिरोशिमा में प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया था जो शांति और अहिंसा के प्रति भारत की सोच के प्रतीक हैं। गौरतलब है कि 2014 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने जो प्रयास शुरू किया था उसके बाद से अंतरराष्ट्रीय मंच पर जहां भारत मजबूत हुआ वहीं व्यक्तिगत स्तर पर उनकी खुद की लोकप्रियता अभूतपूर्व स्तर तक पहुंची है। कुछ महीने पहले ही इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय लीडर करार दिया था।

वस्तुतः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही यह प्रशंसा जहां वैश्विक प्रयास के लिए अहम है वहीं घरेलू स्तर पर इसका राजनीतिक असर भी दिखता है। पिछले लोकसभा चुनाव में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह गर्व का विषय था और कईयों ने इसे ही अपने फैसले का आधार बनाया था।सिडनी में पहले क्वाड समूह की बैठक होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मना कर देने के बाद क्वाड समूह के शीर्ष नेताओं की बैठक हिरोशिमा में जी7 की पृष्ठभूमि में ही हो गई। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद भी ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा पहले की तरह ही जारी रखेंगे। हिरोशिमा में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात और बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का वक्तव्य खूब प्रसिद्ध और लोकप्रिय हो रहा है। यही नहीं ,जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 19 मई को हिरोशिमा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण फिर से चर्चा में है। इससे पहले पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी का वक्तव्य वैश्विक स्तर पर चर्चा में आया था, जब उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। तब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी टेलीफोनिक बातचीत में रूस के राष्ट्रपति को कूटनीतिक रूप से हिंसा की समाप्ति की सलाह दी थी। मोदी ने सभी पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की सलाह भी दी। उन्होंने यह भी कहा था कि दिल्ली फिलहाल यथार्थवादी दुनिया की जटिलताओं और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर अपनी विशिष्ट सोच पर कायम रहेगी। 20 मई को ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध को मानवता की समस्या बताया और उनका यह बयान खासा चर्चित हो रहा है। उन्होंने युद्ध के बारे में भारत की स्थिति को साफ करते हुए कहा था कि यूक्रेन में युद्ध दुनिया के लिए एक बड़ी चिंता है और इसने पूरे विश्व को प्रभावित किया है लेकिन मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक मुद्दा नहीं मानता, यह मेरे लिए मानवता, मानवीय मूल्यों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेनी नेता के साथ सहानुभूति जताते हुए कहा कि भारत उनकी पीड़ा और तकलीफ को समझ सकता है, क्योंकि भारत भी इस अनुभव से गुजर चुका है।

## कविता

सिलसिले अधूरे होते हैं।
हर बात को पूरा कर पाना
संभव नहीं हो पाता,
संबंधों की गर्माहट
हमेशा ताजी नहीं रह पाती,
पानी की लहरों की तरह
आकार नहीं ले पाते संबंध,
वे भी आकार रहित होते हैं,
नाम देना लहरों को,
लहराती हवाओं को
किसके बस की बात है,
उस खूबसूरत संबंध को
अमलीजामा पहनाना
बेमानी होगा, उनके लिए
एक बेनामी
नाम देने की तरह,
हम तैयार हैं पर उनके लिए
और असहज होगा यह बताना
कि मेरे उनसे संबंध हैं,
आकार रहित पानी की
लहरों की तरह चलायमान ,
दूर तक लहरों के साथ
जाने वाले पानी के बुलबुलों का
कोई वजूद नहीं होता है,
फिर क्यों मैं तैश में आकर
वादे कर जाता हूं

संजीव

## भुतो की तलाश

रेखा शाह आरबी

**आजकल** इंसानी हरकतें देखकर बहुत दिन से मन उदास और उकताया हुआ है। इंसान के.. ना सुबह का भरोसा है.. ना शाम का भरोसा है ..ना काम का भरोसा है.. ना धाम का भरोसा है.. और ना ही इंसानों की जुबान का भरोसा अब रह चुका है । इंसान कहते कुछ हैं करते कुछ है करना कुछ चाहते हैं इंसानों की फितरत देख आजकल उन्हें इंसान कहने में भी शर्म आ रही है । और इंसानों को जानवर भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि इससे जानवरों की बेइज्जती होगी ,जानवर अपने नियम कायदे के पक्के होते हैं अगर वह शाकाहारी है तो शाकाहार ही करेंगे.. यह नहीं कि मौका पाकर हड्डी चबाना शुरू कर दे। इंसानों को समझाना कहना सुनना अब तो व्यर्थ ही लगता है ऐसी दुनिया में रहकर मैंने आखिर क्या उखाड़ लेना है बल्कि खुद उखड़ पखड़ जाना पड़ेगा। । कभी-कभी तो लगता है भगवान सिर्फ पैदा करने की जिम्मेदारी क्यों उठाएं कौन कैसा बनेगा किसका क्या स्वभाव होगा इसकी भी जिम्मेदारी आपको उठानी चाहिए। इंसानों की दुनिया से तंग हूं ...इसीलिए अब भूतों की दुनिया तलाश कर रही हूं सुना उनकी दुनिया में अभी भी नियम कायदे चलते हैं। अभी भी भूत दूसरे भूत का टांग खींचने के फेर में नहीं लगा रहता है । उनके समाज में सामाजिक समरसता एकता इत्यादि विद्यमान है । और वैसे भी भूत मरने से ज्यादा क्या मरेंगे ..बेचारे पहले से ही खुद मरे हुए हैं। जिंदा तो आजकल इंसान भी नहीं है बस उसका शरीर ज़िंदा है उसकी आत्मा मर चुकी है लेकिन भूतों के साथ ऐसा नहीं है उनका जमीर जिंदा है शरीर मर चुका है इसीलिए अभी इंसानों से ज्यादा मुझे भूत पसंद आ रहे हैं। सुना है आत्मा के तीन स्वरूप होते हैं जीवात्मा, सूक्ष्मात्मा, प्रेतआत्मा... जो भौतिक शरीर में निवास करती है उसे जीवात्मा कहते हैं । लेकिन लगता नहीं है किसी इंसान में उसकी आत्मा बची हुई है अगर आत्मा बची हुई होती तो धरती पर इतना तांडव नहीं होता और सूक्ष्म आत्मा तो निर्दोष होती है लेकिन इतनी सूक्ष्म होती है कि भारी भरकम शरीर के द्वारा किए जा रहे पापों को संभाल नहीं पा रही और बची प्रेतात्मा... प्रेतात्मा तो मरने के बाद बना जाता है इनको ना ही अपनों का मोह परेशान करता है और ना ही इनकी रिश्तेदारी नातेदारी बची हुई होती है जिसके चलते यह पाप कर्म करें अतः इन की संगत करना ही उचित है। बस दिक्कत इतना है कि ढूंढने पर भी इनका पता नहीं चल रहा है प्रेत आत्माएं रहती कहां पर है ? लगता है जनसंख्या के विस्फोट ने इनको भी बेघर कर दिया है पहले बरगद वाले भूत, कुए वाला भूत, खंडहर वाला भूत, हवेली वाला भूत, बगीचे वाला भूत आदि आदि जगहों के भूत होते थे अब तो धरती के सभी खाली जगह पर यह इंसानी भूत कब्जा किए बैठे हैं तो बेचारे भूत वहां से पलायन कर चुके हैं इंसान भले भूतों की दुनिया में रहने लायक हो चुका है लेकिन बेचारे भूत अब भी इंसानों की दुनिया में अपने को एडजस्ट नहीं कर पाते हैं ।पहले कहा जाता था कि भूत इंसान का खून पी जाते हैं अब तो यह काम भी इंसानों ने अपने ही हाथ में ले लिया है अनेक अनेक तरीकों से खून पीने के रास्ते इजाद कर लिए हैं। पहले लोगों के पीछे भूत पड़ते थे.. अब भूतों के पीछे इंसान भाग रहा है।

## विचार

# आम के बहाने पसमांदा मुसलमानों के साथ योगी

आर.के. सिन्हा

**मिर्जा** गालिब मीठे आम के लिए जान देते थे। वे अपने दोस्तों-यारों के साथ आम खाना पसंद करते थे। उनकी आम की पार्टियाँ मशहूर हैं कवे वर्ष 1827 में दिल्ली से कोलकाता गए थे। वे दिल्ली से कोलकाता जाते वक्त कानपुर, लखनऊ, बाँदा, इलाहाबाद होते हुए बनारस पहुँचे। वे बनारस में छह महीने ठहरे थे। उन्होंने अपने सफर के दौरान उत्तर प्रदेश के मशहूर दशहरी या लंगड़ा आम का जमकर स्वाद स्वाद चखा । आम की अलग-अलग प्रजातियां सारे देश में मिलेंगी पर उत्तर प्रदेश में मिलने वाले मिश्री जैसे रसीले आमों की बात ही अलग है। अजीब सा संयोग है कि राज्य में आम की खेती और व्यापार में मुसलमानों की अच्छी-खासी भूमिका है। आपको सारे प्रदेश में आम की खेती करते हुए ज्यादातर मुसलमान ही मिलेंगे। कुछ समय पहले राज्य के कुछ इलाकों में बेमौसमी बारिश तथा ओला वृष्टि से आम किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया था। वे बेहद परेशान थे। तब योगी सरकार ने भरोसा दिया था कि हर किसान को हुए नुकसान की उचित भरपाई की जाएगी। उस पर तेजी से अमल हो भी रहा है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी वगैरह दशहरी, चौसा, लंगड़ा, रामकेला, रतौल, आम्रपाली और मल्लिका की फसल उगाई जाती है।दरअसल आम के उत्पादन में उत्तर प्रदेश का देश में पहला स्थान है। इसकी खेती करके किसान बेहतर मुनाफा भी कमा रहे हैं। इस बीच, उन्नाव जिला आम की कई किस्मों के लिए जाना जाता है। राज्य की जलवायु और मिट्टी आम की खेती के लिए बड़ी मुफीद मानी जाती है। इस वजह से सबसे अधिक आम उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है। इसी तरह बिहार की राजधानी पटना के आसपास होनेवाले दीघा मालदह का तो जवाब ही नहीं है कमुंह में जाते ही घुल जाता हैकइसके अतिरिक्त भागलपुर का जदार्लू और मोतिहारी का बीजू के आम का भी जवाब नहीं पर उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को चुस्त मार्केटिंग के अभाव में अपनी फसल को देश के विभिन्न भागों में और देश से बाहर भेजने के अबतक कम अवसर मिलते थे। इस कमी को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का आगामी 21 से 25 सितंबर तक नोएडा में आयोजित हो रहा इंटरनेशनल ट्रेड शो अहम होगा। उसमें फलों के राजा आम की विशेष मार्केटिंग की जाएगी। उत्तर प्रदेश देशभर का करीब 21 प्रतिशत आम का उत्पादन अकेले करता है। योगी सरकार इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से ओडीओपी यानी एक जिला एक उत्पाद को प्रमोट कर रही है। ऐसे में आम के अलग-अलग किस्मों को भी इस शो में प्रमोट करने की तैयारी सरकार ने कर ली है। उत्तर प्रदेश का आम सारी दुनिया में बिकेगा तो लाभ होगा मुसलमानों को खासतौर पर। दरअसल आम के किसान और उनके यहां काम करने वाले मजदूर सब मुसलमान ही हैं। खेतों में काम करने वाले अधिकतर किसान पसमांदा समुदाय से आने वाले मुस्लिम हैं।लखनऊ की चिकन की कारीगरी, बनारस की गुलाबी मीनाकारी, कन्नौज के इत्र के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आम के बगान अल्पसंख्यक समुदाय की आजीविका का मुख्य साधन हैं। इस ट्रेड शो के माध्यम से योगी सरकार का लक्ष्य एक तरफ आम को प्रमोट करना है तो वहीं, अप्लसंख्यक समुदाय को आर्थिक तौर पर सशक्त करना भी है। दिल्ली में आयोजित होने वाले वर्ल्ड ट्रेड फेयर में उत्तर प्रदेश को सिर्फ हजार से डेढ हजार हेक्टेयर भूमि में ही अपने उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए जगह मिल पाती है। वहीं इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन लगभग 50 हजार हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। यहां आम और योगी सरकार के बहाने पसमांदा मुसलमानों की हालत पर बात करना जरूरी है। सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरित मुसलमान हैं। जलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# स्वाद के वशीभूत होकर बच्चे अपना स्वास्थ्य बिगाड़ रहा है

विजय गर्ग

**समूची दुनिया** में अधिकतर बच्चे और बड़े अपने स्वाद के वशीभूत होकर अपना स्वास्थ्य बिगाड़ रहे हैं। यह एक जानी हुई बात है कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन रहता है। अगर हमारा तन स्वस्थ है, तो हम प्रत्येक कार्य को कुशलतापूर्वक करके जीवन को सफल बना सकते हैं, लेकिन आमतौर पर होता यह है कि हम स्वाद के मायाजाल में फंस कर जीवन को संकट में डाल देते हैं। अनेक बच्चे और बड़ों को देखा जा सकता है कि वे जीभ के स्वाद में प्रकृति के प्रतिकूल चलकर गंभीर बीमारियों का शिकार होकर अस्पताल और डाक्टरों के पास चक्कर लगा कर अपना धन और समय बर्बाद करते रहते हैं। उन्हें देख कर मुझे सहानुभूति होती है कि आखिर वे इस तरह न केवल अपना, बल्कि समूचे मानव जीवन को नरक बनाने के अभियान में लगे हैं।

एक तरफ जीभ का स्वाद और दूसरी ओर भोजन को भी खाते हुए चबा कर नहीं खाना और न ही भोजन को नियम और प्रकृति के अनुकूल खाया जाता है। इसके अलावा अपनी दिनचर्या को भी प्रकृति के प्रतिकूल बनाकर कई लोग जीवन में दुख और संकटों से घिरे रहते हैं। आयुर्वेद कहता है कि जो मनुष्य प्रकृति के अनुकूल होकर अपने जीवन को ढाल लेते हैं, वे हमेशा स्वस्थ और प्रसन्न रह कर सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहते हैं।

साथ ही अपने जीवन में सफल होकर मानव जीवन को सार्थक कर लेते हैं, जिसके लिए प्रकृति ने उन्हें निर्मित किया होता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि हमें भोजन को ईश्वर का प्रसाद मान कर ग्रहण करना चाहिए यानी भोजन को पहले ईश्वर का धन्यवाद करके ही ग्रहण करना चाहिए। यह याद रखना चाहिए कि अनेक लोग आज भी इस धरा पर भूखे रह जाते हैं। अपने आसपास अगर नजर घुमाई जाए तो ज्यादातर लोग खाने को किसी जल्दबाजी के काम की तरह निपटाते हैं। जबकि सेहत और स्वाद के लिए जरूरी है कि भोजन को चबाकर खाया जाए। पुरानी पीढ़ियों को इस वैज्ञानिक तथ्य की जानकारी थी कि भोजन के बाद या बीच में ठंडा पानी पीना वर्जित है और अगर पीना ही पड़े तो गुनगुना जल पीना चाहिए।

## पूछना बेकार है

डॉ. सुरेश कुमार

**जनता** से कुछ नहीं पूछना चाहिए। वह हमेशा भीतर से भेड़ और बाहर से महंगाई के खिलाफ होती है। विपक्षी दल से पूछा गया तो उनके एक नेता ने कहा - मैंने ही तो सबसे पहले यह मुद्दा उठाया था। उसने सत्तारूढ़ दल से भी पूछ लिया। उन्होंने कहा - हम आजादी के बाद से ही इसके खिलाफ कटिबद्ध हैं। अतिशीघ्र हम एक बिल ला रहे हैं। सत्तारूढ़ दल विपक्ष से कम उत्साहित थोड़े न था। उसने अपने गठबंधन दलों से पूछ लिया। वे भी कौन से दूध के धुले थे। कह दिया - महंगाई को जड़ से मिटाना ही चाहिए। सबने एक स्वर से कहा। उसने किसानों से पूछा, वे भी खिलाफ थे। जवानों से पूछा, वे भी खिलाफ थे। पुलिस से पूछा, वह भी खिलाफ थी। उसने चोर, डाकुओं, लुटेरों से पूछा, वे भी खिलाफ थे। उसने पेट्रोल से पूछा, वह भी खिलाफ था। उसने डीजल से पूछा, वह भी खिलाफ था। उसने गैस सिलेंडर से पूछा, वह भी खिलाफ था। मुद्रा से पूछा, वह भी खिलाफ थी। क्या ठोस, क्या द्रव्य, क्या गैस सारा देश महंगाई के खिलाफ धरने पर था।

कमाल का माहौल दिख रहा है! वह बुदबुदाया। आप भी आइए न बहिन जी, क्या आप महंगाई के खिलाफ नहीं हैं। एक प्रदर्शनकारी ने उससे कहा। "बिलकुल हूँ, मैं क्या देश से अलग हूँ आपसे अलग हूँ।" उसने पूरी विनम्रता से कहा। हाँ, लगती तो बिलकुल हमारी जैसी हो। आओ बैठो न हमारे साथ - लोगों ने मिलकर कहा। वह आराम से उनके बीच जा बैठी। बातचीत होने लगी। उसने कुछ नए नारे भी बनाए। थोड़ी ही देर में लगने लगा कि वह उनसे अलग कभी थी ही नहीं। आपका नाम क्या है बहिन जी? यूँ ही किसी ने पूछ लिया। "महंगाई" उसने, निडर होकर जवाब दिया। पहले तो किसी ने ध्यान न दिया। "क्या" एकाएक कोई चौंका। यह वक्त इन बातों को सोचने का नहीं कि कौन क्या है, हर किसी का समर्थन कीमती है झ किसी ने भीड़ में से कहा और बहस शुरू हो गई। नहीं-नहीं, ऐसा कैसे हो सकता है? निकालो इस कुलक्षणा को यहाँ से - रोष से जिसने यह कहा था वही हैरानी से बोला - अरे! पर वह गयी कहाँ?अभी तो यहीं थी! मैंने अभी उसे विपक्षी दल के पास बैठे देखा था झ सत्ता दल के एक नेता ने कहा। ऐसा कैसे हो सकता है!

**प्रियंका चोपड़ा की वेब सीरीज सिटाडेल में वरुण धवन ने कैमियो किया है. क्या आपने नोटिस किया?**



# प्रियंका चोपड़ा

## की वेब सीरीज सिटाडेल में वरुण धवन ने किया कैमियो, क्या आपने किया नोटिस?

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) की वेब सीरीज सिटाडेल ( Citadel) को बहुत पसंद किया जा रहा है. इसमें हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड मैडन ने प्रियंका के साथ स्क्रीन शेयर किया है. जासूसी पर आधारित इस सीरीज को लोगों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. सिटाडेल सीरीज का इंडियन वर्जन भी बहुत जल्द दस्तक देने वाला है, जिसमें वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु लीड रोल में नजर आएंगे. अब प्रियंका चोपड़ा की सिटाडेल को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है. इसमें वरुण धवन ने कैमियो किया है.

**सिटाडेल में वरुण धवन ने किया कैमियो**

सिटाडेल वेब सीरीज में प्रियंका चोपड़ा ने नाडिया सिंह का रोल प्ले किया है. अगर आपने सीरीज का पांचवां एपिसोड में देखा है, तो आपने नोटिस किया होगा कि नाडिया सिंह, राही गंभीर नाम से शख्स को कॉल करती है. नाडिया फोन पर राही को अपनी प्रेग्नेंसी की खबर देती है और साथ ही ये भी कहती है कि वह वह वहां से निकलना चाहती है. अगर आप ध्यान से सुनेंगे, तो आपको पता चल जाएगा कि राही गंभीर कोई और नहीं बल्कि वरुण धवन हैं.

**प्रियंका चोपड़ा के ऑनस्क्रीन पिता बने वरुण धवन**

प्रियंका चोपड़ा की वेब सीरीज सिटाडेल में वरुण धवन ने प्रियंका चोपड़ा के पिता का किरदार निभाया है और बताया जा रहा है कि एक्टर शो के आखिरी एपिसोड में नजर आएंगे.

**सिटाडेल के इंडियन वर्जन में दिखेंगे वरुण और समांथा रुथ प्रभु**

बताते चलें कि सिटाडेल (Citadel) के इंडियन वर्जन को डायरेक्शन राज और डीके की जोड़ी कर रही है. कुछ समय पहले प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) से पूछा गया कि क्या वह वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु की सिटाडेल में नजर आएंगी, तो जवाब में एक्ट्रेस ने कहा कि शायद और शायद नहीं. प्रियंका चोपड़ा की सिटाडेल का फाइनल एपिसोड 26 मई, 2023 को प्रीमियर होगा. हर हफ्ते के शुक्रवार को सीरीज का एक एपिसोड स्ट्रीम होता है.

## जेल से निकलीं एक्ट्रेस, तो खुशी से रो पड़ी मां, चेहरे पर दिखे गहरे निशान! मुंबई पुलिस ने खोली चौंकाने वाली सच्चाई



बॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिसन परेरा को सरजाह पुलिस ने 3 हफ्तों बाद जेल से रिहा कर दिया है. क्रिसन परेरा को सरजाह एयरपोर्ट पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था. क्रिसन के हाथ में एक ट्रॉफी थी जिसमें ड्रग्स पाए गए थे. ड्रग स्पॉट होते ही क्रिसन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया.हालांकि जब पूरे मामले की जंच हुई तो क्रिसन मामले में बेगुनाह निकलीं और उन्हें पुलिस ने रिहा कर दिया है. क्रिसन के बाहर आते ही अपनी मां से बात की. क्रिसन की मां बेटी खुली धूप में देखकर खुशी से रो पड़ीं. क्रिसन के रिहा होते ही उनके घर में खुशी का माहौल था. क्रिसन के भाई ने केविन परेरा ने इसका एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है.

**मुंबई पुलिस ने खोली चौंकाने वाली सच्चाई**

क्रिसन बॉलीवुड फिल्मों में छोटे रोल कर चुकी हैं. सड़क-2 और बाटला हाउस में काम कर चुकी 27 साल की क्रिसन लगातार ऑडिशन देती रहती हैं. इसी दौरान क्रिसन को किसी ने दुबई में सीरीज में कास्ट होने का हवाला दिया और यूएई भेज दिया. 1 अप्रैल को क्रिसन यहां पहुंच गई. यहां कुछ बदमाश लोगों ने क्रिसन का फायदा उठाया और उन्हें एक सामान दिया जो उन्हें किसी तीसरे तक पहुंचाना था. क्रिसन ने भी इस सामान को रख लिया और अपने साथ ले गईं. क्रिसन जैसे ही सरजाह एयरपोर्ट पर पहुंची तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

**जांच में मुंबई पुलिस ने पकड़े 2 आरोपी**

जब क्रिसन को सरजाह पुलिस ने गिरफ्तार किया तो उन्होंने पूरे मामले की सच्चाई बताई और अपनी बेगुनाही की पैरवी की. पुलिस ने क्रिसन से पूछताछ की और सारे फैक्ट जमा किए, इसके बाद मुंबई पुलिस को इसकी जानकारी दी गई. इधर मुंबई पुलिस मामले में सक्रिय हुई और 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने क्रिसन को फंसाया था. मामले की जांच होने के बाद क्रिसन को रिहा कर दिया है. क्रिसन के रिहा होने पर उनके घर खुशी का माहौल है. क्रिसन के रिहा होते ही उन्होंने अपनी मां से बात की. क्रिसन को खुले आसमान में देखकर उनकी मां भी भावुक हो गईं और रोने लगीं. क्रिसन के भाई केविन ने इसका एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है.

## रोहित शेट्टी ने शुरू की खतरों के खिलाड़ी शूटिंग, दिखाई शो की जर्नी से खास झलक, हाथ-पैर पर दिखे गहरे जख्म



टीवी का सबसे पॉपुलर स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' (Khatron Ke Khiladi 13) की शूटिंग शुरू हो चुकी है. फैंस इसे लेकर सुपर डुपर एक्साइटेड हैं. शो के अब तक 12 सीजन आ चुके हैं और 13वां सीजन जल्द ऑन एयर होने वाला है. इस शो सालों से रोहित शेट्टी होस्ट करते हुए आ रहे हैं. रोहित ने शो का पहला प्रोमो शेयर किया है. इस प्रोमो में उन्होंने अपनी खतरों के खिलाड़ी की पिछली जर्नी को भी दिखाया गया है. इसमें देखा जा सकता है कि शो की शूटिंग के दौरान रोहित शेट्टी कितनी बार बुरी तरह से घायल हुए हैं.'खतरों के खिलाड़ी 13' के प्रोमो में देखा जा सकता है कि रोहित शेट्टी (Rohit Shetty Injured) के हाथ पर कितनी गहरी चोटें हैं. उनके प्लास्टर चढ़ा हुआ है. उनकी उंगुलियां बुरी तरह से जख्मी हैं. हालांकि अब वह एक्शन के नियमों को तोड़ने के लिए 13वें सीजन से वापसी कर रहे हैं. प्रोमो में रोहित शेट्टी को हेलीकॉप्टर में डेयरडेविल एंट्री करते हुए देखा जा सकता है.रोहित शेट्टी हेलीकाप्टर के गेट पर बैठे हुए नजर आ हैं. वह ब्लैक आउटफिट में और काला चश्मा पहने हुए हैं. रोहित पिछले 7 सीजन से 'खतरों के खिलाड़ी' को होस्ट करे आ रहे हैं. रोहित ने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा,भले ही साल की शुरुआत कुछ हड्डियों के टूटने के साथ हुई हो लेकिन अब कुछ नियमों को तोड़ने की तैयारी है!!

रोहित शेट्टी ने आगे लिखा, खतरों के खिलाड़ी सीजन 13! की शूटिंग दक्षिण अफ्रीका में शुरू हो चुकी है. आशा है कि आप हमें वही प्यार देंगे जो आप मेरे पिछले 7 सालों में देते रहे हैं. फैंस के तरह रणवीर सिंह भी शो को लेकर एक्साइटेड हैं. उन्होंने रोहित की पोस्ट पर फायर वाले इमोजी कमेंट्स किए हैं. पिछले सीजन में कंटेस्टेंट रहे राजीव अदातिया ने भी फायर वाले इमोजी कमेंट किए हैं.

**'खतरों के खिलाड़ी 13' के कंटेस्टेंट्स**

इस बीच, 'खतरों के खिलाड़ी 13' के सेट से एक और अपडेट यह है कि 'गुम है किसी के प्यार' की एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा को चोट लग गई है. इस सीजन में शिव ठाकरे, अर्चना गौतम, ऐश्वर्या शर्मा, डेजी शाह, अंजुम फकीह, अंजलि आनंद, शीजान खान, रोहित रॉय, साउंडस मौफकीर, रूही चतुर्वेदी समेत कई लोग कलाकार शामिल हैं.



# शिल्पा शेट्टी

## ने बेटे वियान को खास अंदाज में विश किया बर्थडे, एक्ट्रेस ने शेयर की अपने लाड़ले की ये फनी वीडियो

शिल्पा शेट्टी के बेटे वियान आज 11 साल के हो चुके हैं.अपने पोस्ट के जरिए फैंस को अपडेट रखने वाली शिल्पा ने बेटे वियान के बर्थडे के मौके पर एक पुराना और खास वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में वियान अपनी मम्मी को एक खास मैजिक करके दिखा रहे हैं. जिसे शिल्पा खासा इंजॉय कर रही हैं. इस मौके पर वियान को पिता राज कुंद्रा ने भी एक पिक्चर शेयर कर विश किया है. दोनों अपने बेटे के बर्थडे को कुछ अलग अंदाज में सेलिब्रेट कर रहे हैं.

**वीडियो में वियान ने दिखाया मैजिक**

इस वीडियो में दिखाई दे रहा है, नीले रंग की टी-शर्ट और काली पैंट पहने वियान ने अपने पैरों के चारों ओर एक टॉवेल लपेटा हुआ है. वीडियो की शुरुआत बच्चे के फनी इंट्रोडक्शन से होती है और शिल्पा कैमरे के पीछे हंसती हुई नजर आ रही हैं. वीडियो में वियान कह रहे हैं, मेरे दोनों पैर फर्श पर हैं, है ना? अब, मैं तुम्हारे लिए उड़ने जा रहा हूं. वियान के जूते जमीन से थोड़ा ऊपर उठे हुए दिखाई दे रहे थे, जैसे उसने उन्हें अपने पैर से पकड़ रखा था और टॉवेल के पीछे से उठा लिया था.

**शिल्पा ने वीडियो को दिया खास कैप्शन**

इस वीडियो के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, मुझे ये पुराना वीडियो काफी पसंद है. मेरे प्यारे वियान. आप जादू हैं और आप हमारे सभी जीवन में एक चमक जोड़ते हैं. मेरे बेटे, मुझे चुनने के लिए धन्यवाद. आपको इस सम्माननीय पोते, प्यारे बेटे, जासूस पाजी और भरोसेमंद दोस्त के रूप में देखकर बहुत गर्व होता है. 11वां जन्मदिन मुबारक हो, मेरे बच्चे. हम आपसे प्यार करते हैं.

**राज कुंद्रा ने शेयर किया पोस्ट**

बेटे वियान के जन्मदिन पर राज कुंद्रा ने भी एक खास पोस्ट शेयर कर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मेरे रॉकस्टार, मेरे जीवन, मेरे बेटे मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि तुम 11 साल के हो गए हो. हर दिन तुम हमारे जीवन में कुछ अद्भुत जोड़ते हो. तुमसे प्यार करता हूं बिना शर्त हमेशा उज्ज्वल चमको.

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# विमान यात्री बढ़ रहे, पर कंपनियां घट रहीं

## 81% बाजार पर इंडिगो और टाटा का कब्जा, गो फर्स्ट सहित कई कंपनियों की हालत खराब

**दबदबा**

**81% से ज्यादा बाजार हिस्सेदारी इंडिगो, टाटा समूह की है। 19% में से भी करीब 15% हिस्सेदारी दो कंपनियों की हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में विमानन सेवाओं का बिजनेस बढ़ रहा है, लेकिन कंपनियां कम होती जा रही हैं। घरेलू मार्गों पर 81% से ज्यादा बाजार हिस्सेदारी इंडिगो और टाटा समूह की है। बाकी 19% में से भी करीब 15% हिस्सेदारी दो कंपनियों की हैं। इनमें से एक गो फर्स्ट का ऑपरेशन बंद हो गया है और स्पाइसजेट की हालत भी ठीक नहीं है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि घरेलू एविएशन सेक्टर डुओपॉली की तरफ बढ़ रहा है।

मतलब बाजार में दो कंपनियों या समूह का ही दबदबा होगा। कहने को तो देश में 15 विमानन कंपनियां हैं, लेकिन सिर्फ 7 ऑपरेशनल हैं। इनमें दो (गो फर्स्ट और स्पाइसजेट) की माली हालत खराब है और दो (एअर इंडिया, विस्तारा) मर्ज होने वाली हैं।

एलकेपी सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड एस रंगनाथन के मुताबिक, डुओपॉली की स्थिति साफ नजर आ रही है। जेट एयरवेज का ऑपरेशन शुरू होना मुमकिन नहीं लग रहा है। आकासा ऑपरेटर तो कर रही है, लेकिन नाम के लिए। कंपनी के पास बाजार हिस्सेदारी 0.5% भी नहीं है।

मालूम हो, 30 अप्रैल को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया था कि 2,978 फ्लाइट्स में रिकॉर्ड 4,56,082 यात्रियों ने उड़ान भरी। इसके दो ही दिन बाद 3 मई को गो फर्स्ट ने ऑपरेशन बंद कर दिया था। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में उसे 1,346.72 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। यह 2021-22 में बढ़कर 1,807.8 करोड़ रुपए हो गया। इस साल अप्रैल तक की स्थिति के मुताबिक, गो फर्स्ट पर कुल 11,463 करोड़ रुपए का कर्ज है।

**इंडिगो-टाटा समूह: दोनों समूह की बैलेंस शीट अच्छी:** एविएशन कंसल्टेंट हर्षवर्धन ने कहा, 2008 से ही ज्यादातर भारतीय विमानन कंपनियां घाटे में हैं। जेट एयरवेज, किंगफिशर जैसी कंपनियां बंद हो गईं। कुछ बिक गईं। हालांकि इंडिगो विस्तार करती रही। टाटा समूह भी इसी राह पर है। दोनों की बैलेंसशीट मजबूत है।

**एयर ट्रैफिक:** मार्च की तुलना में अप्रैल में घरेलू यात्री बढ़े विमानन नियामक डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू एयर ट्रैफिक 15% बढ़ा। बीते माह रोजाना 4.3 लाख पैसेंजर ने फ्लाइट से यात्रा की। इसके मुकाबले मार्च में खत्म वित्त वर्ष 2022-23 में रोज औसत 3.73 लाख लोगों ने फ्लाइट ली थी।

# कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा का शुद्धिकरण किया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कांग्रेस पार्टी** ने सोमवार को कर्नाटक विधानसभा का शुद्धिकरण किया। पार्टी नेताओं ने विधानसभा भवन में गंगाजल और गोमूत्र छिड़का और हवन-पूजन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। कांग्रेस का कहना था कि भाजपा ने विधानसभा को अपने भ्रष्टाचार से दूषित कर दिया था। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस साल जनवरी में कहा था कि विधानसभा को गोमूत्र से साफ करने का समय आ गया है।

**कांग्रेस ने चुनाव से पहले जारी किया था करप्शन रेट कार्ड:** चुनाव से पहले कांग्रेस ने बीजेपी की डबल इंजन सरकार को ट्रबल-इंजन सरकार बताया था। 5 मई को कर्नाटक कांग्रेस ने 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' जारी किया था, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के घोटालों को बताया गया था। तब विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार ने सत्ता में रहते हुए 1.50 लाख करोड़ रुपए लूटे। इसमें मुख्यमंत्री का रेट 2,500 करोड़ और एक मंत्री पद का रेट 500 करोड़ रुपए है।

**कांग्रेस ने कहा था- सत्ता में आए तो बजरंगदल बैन होगा:** 2 मई को कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें पीएफआई और बजरंगदल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया गया था।



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# केदारनाथ धाम में लगेगा कांसे का ओम

## 60 क्विंटल वजन; मंदिर से 250 मीटर पहले लगाई जाएगी, गुजरात में बनी

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तराखंड**
**उत्तराखंड** में बाबा केदारनाथ की भव्यता को और बढ़ाने के लिए यहां एक 60 क्विंटल वजन की एक 'ओम' के आकार की प्रतिमा लगाई जाएगी। यह पूरी तरह ब्रांज से बनी है। इसे बाबा केदारनाथ धाम से 250 मीटर पहले गोल प्लाजा में लगाया जाएगा।

केदारनाथ धाम में लगने वाली इस ओम की आकृति को गुजरात के कलाकारों ने बनाया है। ओम को स्थापित करते समय इसे चारों तरफ से तांबे से वेल्ड किया जाएगा। ताकि धाम में आने वाली किसी भी आपदा का इस पर असर न हो।

**एक हफ्ते में लग जाएगी प्रतिमा:** ओम को स्थापित करते समय किसी भी तरह की रुकवाट न हो, इसके लिए दो चरण में ट्रायल किया जा रहा है। फर्स्ट राउंड में स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने इसका सफल ट्रायल कर लिया है। अथॉरिटी ने पीडब्ल्यूडी के साथ मिलकर हाइड्रा मशीन की मदद से गोल प्लाजा में ओम की आकृति को स्थापित करने का ट्रायल किया, जो पूरी तरह सफल रहा।



**लाइटिंग के साथ रात में जगमगाएगी:** इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, ओम को स्थापित किए जाने के बाद इस पर लाइटिंग भी की जाएगी, ताकि रात के वक्त ये और भी भव्य दिखाई दे। रुद्रप्रयाग के डीमए मयूर दीक्षित ने कहा कि ओम की आकृति स्थापित होने से केदारनाथ गोल प्लाजा की भव्यता और भी बढ़ जाएगी। इसकी स्थापना के लिए उब्टअ द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा रही है।

**केदारनाथ की दीवारें सोने कीं:** केदानाथ धाम में पिछले साल गर्भगृह की दीवारें और छत पर 550 सोने की परतों चढ़ाई गईं थीं। सोने की दीवार बनाने का यह काम तीन दिन तक चला था। जिसमें 19 कारीगर लगे थे। महाराष्ट्र में एक गुमनाम व्यक्ति ने सोने का दान किया था। जिसके बाद बद्रीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति ने इस काम को पूरा किया।

**हफ्ते में लगेगी प्रतिमा**

**यह पूरी तरह ब्रांज से बनी है। इसे बाबा केदारनाथ धाम से 250 मीटर पहले गोल प्लाजा में लगाया जाएगा**

25 अप्रैल को खुले थे केदारनाथ धाम के कपाट उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के कपाट एक महीने पहले खुले थे। तब से अब तक लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आ चुके हैं। हालांकि बीच में कई बार भारी बर्फबारी के चलते यात्रा को रोका गया।

# बलिया में गंगा में नाव पलटी, 3 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**
**बलिया** में सोमवार सुबह गंगा नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। गंगा में 30 सवारियों से भरी नाव पलट गई। हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं 3 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। 1 घायल को इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे हुई है। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के नाविक और गोताखोरों ने रेस्क्यू शुरू किया। इन लोगों ने पानी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसा फेफना थाना क्षेत्र के माल्देपुर घाट पर हुआ है। नाव पर सवार सभी लोग मुंडन संस्कार की एक रस्म करने दूसरे घाट जा रहे थे। बताया जा रहा है कि नाव पर क्षमता से अधिक लोग बैठे थे। नाव भी पुरानी थी। ये लोग ओहार परंपरा के तहत दूसरे घाट पर पूजा करने जा रहे थे। तभी ये हादसा हो गया।

# सीएम योगी ने सुनी 300 लोगों की फरियाद

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**सीएम यो**गी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान के प्रति आश्वस्त किया। सीएम का यह प्रवास धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़ा था, लेकिन उन्होंने रोज पहले जनता का ध्यान रखा, फिर देव अनुष्ठान किया। गोरखनाथ मंदिर में सोमवार को जनता दर्शन में उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को जल्द निस्तारण के आदेश दिए।



**इलाज के लिए मदद की गुहार:** सोमवार को सीएम से मुलाकात करने वालों में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार करने वाले अधिक रहे। सीएम ने उनसे कहा कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उपचार के लिए धन की व्यवस्था वह कराएंगे। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में आर्थिक मदद संबंधी आवेदनों पर अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराकर शासन को भेजें।

**बिहार से मदद मांगने पहुंची महिला:** यूपी में मुख्यमंत्री द्वारा इलाज में भरपूर मदद देने की ख्याति दूर दूर तक है। इसकी एक झलक सोमवार को जनता दर्शन में भी देखने को मिली। बिहार से एक महिला सीएम योगी आदित्यनाथ के पास इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची थी। उन्होंने इत्मीनान से महिला की समस्या सुनीं। पूछा, क्या बिहार में उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। महिला द्वारा नहीं में जवाब देने पर उन्होंने उसका आवेदन अधिकारियों को हस्तगत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा।

# नशेड़ियों ने गुरुघर को बनाया अपना अड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब के** तरनतारन में बाबा दीप सिंह गुरुद्वारे के परिसर में बने शौचालय में युवक के नशा लेते का वीडियो वायरल हुआ है। जिसके बाद सिख धर्म को मानने वाले युवाओं में आक्रोश है। गुरुद्वारा मैनेजमेंट का कहना है कि नशा लेने वालों से परेशान हो चुके हैं।

सरेआम गुरुद्वारे में आकर इंजेक्शन लगाते हैं और दीवारों पर खून के धब्बे लगा जाते हैं। यह घटना तरनतारन के गांव भिखीविंड के बाबा दीप सिंह गुरुद्वारे की है।

# मुख्तार अंसारी की सजा पर फैसला 5 जून को

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**31 साल पु**राने चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में माफिया मुख्तार अंसारी की सजा पर फैसला 5 जून को होगा। सोमवार को वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट में मुख्तार अंसारी की वर्चुअल पेशी हुई। केस में जिरह और बहस हुई। इसके बाद विशेष जज ने फैसला सुरक्षित रखा। फैसले की तारीख 5 जून तय की है। इससे पहले शुक्रवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई थी। इस दौरान वादी पूर्व मंत्री अजय राय की तरफ से अधिवक्ता



अनुज यादव ने 36 पेज की विस्तृत बहस दाखिल की। उन्होंने आरोपी पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिए जाने की गुजारिश की।

**लिखित में दाखिल की गई जवाबी बहस:** मुख्तार अंसारी की तरफ से अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने लिखित बहस दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने 22 मई को सुनवाई की तारीख दी थी।

**जिरह** मुस्लिम पक्ष ने दाखिल की आपत्तियां, 7 याचिका क्लब केस पर शाम तक आ सकता है आदेश

# 7 जुलाई को होगी संपूर्ण परिसर के सर्वे की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**ज्ञानवापी** मामले से जुड़े 2 अहम केस की वाराणसी कोर्ट में सुनवाई थी। पहला मामला ज्ञानवापी के संपूर्ण परिसर के साइंटिफिक सर्वे का है। इसमें मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्तियां दाखिल की। कोर्ट से आपत्तियां स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली डेट 7 जुलाई तय की है। दूसरा मामला कॉन्सॉलिडेशन से जुड़ा है। इसमें एक समान 7 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई को लेकर कोर्ट शाम 5 बजे तक आदेश सुना सकता है। कोर्ट सभी केसों को एक साथ सुनने या उनका शेड्यूल तय करेगा। ज्ञानवापी से जुड़े एक समान 7 मामलों को क्लब करने पर शाम 5 बजे कोर्ट फैसला सुनाएगी। इससे पहले 19 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को साइंटिफिक सर्वे को लेकर आपत्तियां दाखिल करनी थीं।



**सुनवाई**

**पहला मामला ज्ञानवापी के संपूर्ण परिसर के साइंटिफिक सर्वे का है। इसमें मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्तियां दाखिल की**

लेकिन सुप्रीम कोर्ट में कार्बन डेटिंग वाले मामले की सुनवाई की वजह से मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट की ओर से हाईकोर्ट से कथित शिवलिंग के कार्बन डेटिंग पर रोक लगाने का आदेश पारित हुआ था। दरअसल, 16 मई को वाराणसी कोर्ट में हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु जैन की तरफ से चार वादिनी महिलाओं (रेखा, सीता, मंजू, लक्ष्मी) महंत शिव प्रसाद पांडेय और राम प्रसाद सिंह ने यह केस दाखिल किया था। इसमें ज्ञानवापी के पूरे परिसर का आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा साइंटिफिक सर्वे कराने की मांग की गई। विष्णु जैन का कहना है कि केवल शिवलिंग वाली आकृति ही नहीं, बल्कि पूरे परिसर की साइंटिफिक जांच होगी, तो एक-एक सच्चाई बाहर निकलकर आएगी।

